जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 50 संख्याः 42 प्रभात कोटा, सोमवार 25 नवम्बर, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# लोकसभा के पहले दिन अडानी पर बहस चाहता है विपक्ष

## संसदीय मंत्री रिजिजू ने कहा, विपक्षी नेताओं के सुझाव, कार्य मंत्रणा समिति व लोकसभा अध्यक्ष के सामने रखेंगे

नयी दिल्ली, 24 नवम्बर। 18 वीं लोकसभा का तीसरा सत्र (शीतकालीन सत्र) 25 नवंबर से शुरू होने वाला है। इससे पहले रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें, 30 पार्टियों के कुल 42 नेता मौजूद थे। कांग्रेस समेत विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में पहले दिन अडानी मामले पर बहस की मांग की है।

संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। सरकार ने सत्र में वक्फ संशोधन विधेयक सहित 16 विधेयक की लिस्ट तैयार की है। लोकसभा बुलेटिन के मुताबिक लोकसभा में 8 और राज्यसभा में 2 विधेयक लंबित हैं।

इस सत्र में कार्यवाही शुरू होने से पहले केरल और नांदेड़ सीट से उपचुनाव जीतकर आए 2 नए सांसदों को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला शपथ दिलाएंगे।

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि संसद सत्र से पहले सभी दलों के नेताओं के साथ सार्थक

■ **सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने संसद सत्र में अडानी के अलावा भोजपुर में हिंसा, उत्तर भारत में प्रदूषण तथा रेल दुर्घटना जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग की।**

बातचीत हुई और सरकार हर विषय पर चर्चा कराने के लिए तैयार है लेकिन चर्चा शांतिपूर्ण ढंग से होनी चाहिए ताकि उसका लाभ भी हो।

संसद के सोमवार से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र से पहले बुलाई गयी इस बैठक में विपक्ष ने उद्योगपति गौतम अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के साथ ही मणिपुर में हिंसा, उत्तर भारत में प्रदूषण की समस्या और रेल दुर्घटना जैसे मुद्दों पर सबसे पहले चर्चा कराने की मांग की है। बैठक के बाद रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में कहा , सर्वदलीय बैठक बहुत अच्छी तरह से हुई।

उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं ने कुछ मांगे रखी हैं और सरकार ने सभी बिन्दुओं का संज्ञान ले लिया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं ने जो सुझाव दिये हैं, उन्हें हम कार्य मंत्रणा समिति, लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के समक्ष रखेंगे कि किस-किस विषय पर चर्चा होनी है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, वक़्फ़ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट आनी बाकी है और इसे सदन में पेश किया जाना है। यदि जरूरत पड़ती है तो समय बढ़ाने के लिए अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि 26 तारीख को संविधान दिवस है और इस दिवस को संविधान भवन में दोनों सदनों के सदस्यों के साथ मनाया जाएगा।

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि पार्टी चाहती है कि अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप से जुड़े मुद्दे पर पहले चर्चा कराई जाए।

उन्होंने कहा कि उद्योगपति पर आरोप है कि उनकी कंपनी ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अनुकूल सौदा पाने के वास्ते राजनेताओं और नौकरशाहों को कथित तौर पर 2,300 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत दी है। उनका यह भी कहना था कि यह देश के आर्थिक और सुरक्षा हितों से जुड़ा गंभीर मुद्दा है और इसको लेकर देश की संसद में गहन चर्चा होनी चाहिए।

संसद के शीतकालीन सत्र 16 विधेयकों पर चर्चा किये जाने की संभावना है। इन विधेयकों में वक्फ संशोधन विधेयक भी है जिसको लेकर विपक्ष के नेता आरोप लगा रहे हैं कि विधेयक की जांच पड़ताल के लिए बनी जे.पी.सी. के अध्यक्ष जगदंबिका पाल इससे जुड़ी बैठकों में व्यवधान पैदा कर रहे हैं,इसलिए इस विधेयक पर विचार के लिए जे.पी.सी. को और समय दिया जाना चाहिए।

बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, एल मुरूगन और विभिन्न दलों के नेता सदन ने हिस्सा लिया।

## 'काटे जाने वाले पेड़ों की एवज में 10 गुना पेड़ लगायें'

जयपुर, 24 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने सांभर-फुलेरा तहसील में रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत मल्टी कार्गो के लिए चिह्नित की गई जमीन में 617 पेड़ काटने से जुड़े मामले में दायर याचिका को निस्तारित कर दिया है। अदालत ने कहा कि जितने पेड़ काटे जाने हैं उसके 10 गुना पेड़ लगाए जाएं। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी ने यह आदेश मेरिडियन फाउंडेशन ट्रस्ट की जनहित याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान पूर्व में अदालत के सामने आया था कि कंपनी की ओर

■ **हाईकोर्ट ने इस आदेश के साथ सांभर -फुलेरा में मल्टी कार्गो के लिए चिन्हित जमीन से पेड़ हटाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका का निस्तारण किया।**

से इन पेड़ों को काटने की एवज में तीन हजार से अधिक पौधारोपण किया गया है।

याचिका में अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने बताया कि रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत हिरनोदा में मल्टी कार्गो टर्मिनल बनाया जाना प्रस्तावित है। यह टर्मिनल हस्ती पेट्रो केमिकल एंड शिपिंग लि. की ओर से बनाया जा रहा है। जिस जमीन पर यह टर्मिनल बनाया जाएगा, वहां राज्य वृक्ष खेजड़ी के 565 वृक्षों सहित कुल 617 हरे पेड़ मौजूद हैं। इन्हें हटाने के लिए कंपनी की ओर

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# 28 नवम्बर को नए सी.एम. की शपथ लेंगे हेमन्त सोरेन

## इंडिया गठबंधन को झारखंड की 81 सीटों में से 56 पर विजय मिली है

रांची, 24 नवंबर। झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन की पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एम.) को मिली बंपर जीत के बाद अब तय हो गया है कि झारखंड के नए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ही होंगे और उनका शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को होगा। हेमंत सोरेन ने सी.एम. पद से इस्तीफा दे दिया है और वे अब चुनाव में मिली जीत के बाद नए सी.एम. के तौर पर शपथ लेंगे। बता दें कि विधानसभाकी 81 सीटों में झा.मु.मो. के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत दर्ज की है। यह आंकड़ा 41 के बहुमत से 15 सीट ज्यादा है।

झारखंड के सी.एम. और जे.एम.एम. के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का कहना है, 28 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा... उन्होंने आगे कहा, आज हमने (इंडिया) गठबंधन सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उस सिलसिले में हमने राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। मैंने उन्हें अपना इस्तीफा भी दे दिया है...कांग्रेस और राजद प्रभारी भी यहां मौजूद थे...28 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा।

चुनाव में भाजपा गठबंधन ने 24 सीटों पर जीत दर्ज की है, यानी बहुमत

■ **जे.एम.एम. की जीत क साथ ही रांची में पोस्टर लग गये थे, ''सब के दिलों पर छा गया, शेर दिल सोरेन फिर आ गया''**

के आंकड़े से 13 सीट कम। हेमंत सोरेन ने जीत के बाद झारखंड की जनता का धन्यवाद जताया और कहा कि जमीन पर मौजूद उन नेताओं का भी शुक्रिया, जो जनता की ताकत को पार्टी तक लेकर आए। जे.एम.एम. की जीत के साथ ही राजधानी रांची की सड़कों पर पोस्टर लग गए थे जिसमें लिखा था सबके दिलों पर छा गया, शेरदिल सोरेन फिर आ गया। हेमंत सोरेन झारखंड के पहले ऐसे मुख्यमंत्री होंगे जो लगातार दूसरा चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री पद की कुर्सी संभालेंगे।

कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री आवास में हेमंत सोरेन से मुलाकात की। झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा- पहले भी जब हमारी सरकार पर संकट आया था, तब हमने कहा था कि हम पूरे विश्वास के साथ सरकार बनाएंगे। हम एक बार फिर पूरे विश्वास के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। कांग्रेस पर्यवेक्षक तारिक अनवर ने कहा, यह अच्छा है, हम जीत की उम्मीद कर रहे थे।

## रोहिंग्या शरणार्थियों की अवैध घुसपैठ रोकने के आदेश

जम्मू, 24 नवंबर। जम्मू पुलिस ने रोहिंग्या शरणार्थियों की अवैध घुसपैठ को रोकने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कई मामलों की पहचान की है। इसके तहत पुलिस ने उन मकान

■ **जम्मू पुलिस ने रोहिंगया शरणार्थियों को बिना दस्तावेज मकान किराये पर देने वालों के खिलाफ मामले दर्ज किये।**

मालिकों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं, जिन्होंने अवैध अप्रवासियों को बिना दस्तावेज के अपनी संपत्ति किराए पर दी है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## आज से मणिपुर में स्कूल -कॉलेज खुलेंगे

इंफाल, 24 नवंबर। मणिपुर की इंफाल घाटी और जिरिबाम जिले के सभी स्कूल-कॉलेज 25 नवंबर से खोले जाएंगे। 18 नवंबर को इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर, काकचिंग और जिरीबाम जिलों में एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बंद रखने के

■ **राज्य में हिंसा के बाद 18 नवम्बर से कई जिलों में शिक्षा संस्थायें बंद की गई थीं। इन जिलों में अभी मोबाइल इन्टरनेट बैन जारी रहेगा।**

आदेश दिए गए थे। हालांकि इन जिलों में मोबाइल इंटरनेट बैन जारी है।

शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि राज्य के सभी सरकारी स्कूल, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, प्राइवेट और केंद्रीय स्कूलों में 25 नवंबर से सामान्य कक्षाएं फिर से शुरू होंगी। वहीं, हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने अलग आदेश में कहा कि 25 नवंबर से राज्य की सभी

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# संभल में हिंसा से तीन मरे, इन्टरनेट बंद

## संभल की जामा मस्जिद में कोर्ट के आदेश से किए जा रहे सर्वे का विरोध कर रही भीड़ व पुलिस की भिड़ंत

संभल, 24 नवंबर। संभल में हुई हिंसा के बाद अब अगले 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। संभल के डी.एम. की ओर से जारी निर्देश के मुताबिक सिर्फ संभल तहसील में अगले 24 घंटे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी। ज्ञातव्य है कि संभल की जामा मस्जिद में कोर्ट के आदेश पर किये जा रहे सर्वे का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए और इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों में आग लगा दी और पथराव किया, जिसके बाद पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया।

एक अधिकारी ने कहा, "उपद्रवियों ने गोलियां चलाईं और कुछ छर्रे हमारे पुलिसकर्मियों को लगे। हम वहां जांच कर रहे हैं जहां गोलियां चलायी गईं, खासकर दीपा सराय इलाके में।" एक स्थानीय अदालत के

■ **एक अधिकारी के अनुसार उपद्रवियों ने गोलियाँ चलाईं, कुछ छर्रे पुलिस कर्मियों को भी लगे। प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों में आग लगा दी।**

आदेश पर गत मंगलवार को जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था जिसके बाद से संभल में पिछले कुछ दिनों से तनाव व्याप्त है। दरअसल स्थानीय अदालत में एक याचिका दाखिल करके दावा किया गया है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद है, वहां पहले हरिहर मंदिर था।

मुरादाबाद मंडल के आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने संभल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस मामले में उपद्रवियों के दो तीन समूह थे जो लगातार गोलीबारी कर रहे थे। पुलिस प्रशासन ने सर्वे करने आई टीम को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि समूहों में उपद्रव करने वालों में एक समूह के लोग नखासा में चले गये और पथराव शुरू कर दिया। सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने इन सभी को भगाया। उन्होंने बताया कि इस हिंसा में 20 से 25 वर्ष के बीच की उम्र के तीन लोगों की मौत हुई है।

मंडल आयुक्त ने कहा कि इस हिंसा, गोलीबारी और पथराव में पुलिस अधीक्षक के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) के पैर में गोली लगी है जबकि उप जिलाधिकारी का पैर टूट गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्राधिकारी को भी छर्रे लगे हैं और अब स्थिति नियंत्रण में है। आयुक्त ने कहा कि पथराव में शामिल दो महिलाओं सहित 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा एक जांच

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# महायुति विधायक दल की बैठक में आज तय होगा मुख्यमंत्री का नाम

## महायुति 26 नवम्बर को राज्यपाल को दावा पेश करेगी, वानखेड़े स्टेडियम में शपथ ग्रहण होगा

मुंबई, 24 नवम्बर। महाराष्ट्र का जनादेश महायुति के पक्ष में गया है और सरकार गठन की कवायद शुरू हो गई है। सबसे पहले सी.एम. के नाम पर फैसला होना है। इस संबंध में कल (सोमवार को) महायुति के विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में महायुति के सभी घटक दलों के विधायक मौजूद रहेंगे और नए सी.एम. के नाम पर मुहर लगेगी। इससे पहले भाजपा नेता और सी.एम. पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे देवेंद्र फडणवीस के सरकारी आवास पर सागर बंगले पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक होगी।

महायुति के घटक दल शिवसेना (शिंदे) की भी बैठक बुलाई गई है। यह बांद्रा के ताज लैंड में होगी। इससे पहले राज्य कार्यकारिणी की बैठक में एकनाथ

■ **महायुति विधायक दल की बैठक से पहले फडणवीस के सरकारी बंगले पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक होगी। मुख्यमंत्री पद के निर्णय से पहले भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से परामर्श के बाद सभी सहयोगी दलों की संयुक्त बैठक होगी।**

शिंदे को पार्टी प्रमुख के रूप में चुना जा चुका है। आज एन.सी.पी. (अजित पवार) की बैठक में अजित पवार को विधायक दल का नेता चुना गया।

जानकारी के मुताबिक सहयोगी दलों द्वारा विधायक दल के नेता का चुनाव करने के बाद, महायुति के नेता दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ परामर्श करके मुख्यमंत्री पद के बारे में निर्णय लेने के लिए एक संयुक्त बैठक करेंगे। जानकारी के मुताबिक महायुति 26 नवंबर को राजभवन में राज्यपाल के समक्ष बहुमत का दावा कर सकती है, जिसके बाद मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भव्य शपथ ग्रहण समारोह होगा। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी और कई क्षेत्रों के गणमान्य लोगों के मौजूद रहने की संभावना है।

भाजपा महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि महायुति नेता और भाजपा नेतृत्व यह तय करेंगे कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। बावनकुले ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने कांग्रेस को खारिज कर दिया है और इसकी प्रदेश इकाई के प्रमुख, नाना पटोले मात्र 200 मतों के अंतर से चुनाव जीते हैं। महायुति गठबंधन ने 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए हुए चुनाव में 230 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी। विपक्षी महा विकास आघाडी (एम.वी.ए.) गठबंधन सिर्फ 46 सीट ही जीत सका।

बावनकुले ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में समाज के सभी वर्गों ने भाजपा का समर्थन किया। राज्य के अगले मुख्यमंत्री को लेकर उन्होंने कहा कि महायुति नेता और भाजपा

(शेष पृष्ठ 3 पर)



## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# विदेशों में हिंदी पत्रकारिता की गौरव गाथा

भारत में और विशेष रूप से हिंदी भाषी प्रदेशों में हिंदी पत्रकारिता के अस्तित्व और इसकी विकास यात्रा से हम सब कमोबेश परिचित हैं। कभी-कभी थोड़ी बहुत चर्चा हिंदीतर क्षेत्रों में हिंदी पत्रकारिता की भी हो जाया करती है, हालांकि उसके बारे में सामान्य जन की जानकारी बहुत ही अल्प है। वैसे भी, आम पाठक केवल इतना जानता है कि वर्तमान में कौन-कौन से समाचार पत्र उसके इलाके में लोकप्रिय हैं। इससे अधिक जानने में उसकी रुचि प्राय: नहीं होती है। यह रुचि होती है पत्रकारिता के अध्येताओं में। वे न केवल वर्तमान में चल रही पत्रकारिता का अध्ययन और विश्लेषण करते हैं, वे उसके अतीत में भी जाते हैं और किसी क्षेत्र विशेष में पत्रकारिता के उद्गम और उसकी विकास यात्रा का अध्ययन करते हैं। और यह भी उनके अध्ययन का एक अंश मात्र होता है। वे बहुत गहराई में जाते हैं। उनका किया यह अध्ययन न केवल पत्रकारिता की विकास यात्रा का दस्तावेज़ीकरण करता है, वर्तमान एवं भावी पत्रकारिता का मार्गदर्शन भी करता है।

लेकिन जैसा मैंने कहा, जब हम हिंदी पत्रकारिता की बात करते हैं तो प्राय: हमारी नज़र हिंदी क्षेत्र की सीमा का उल्लंघन नहीं कर पाती है। बहुत हुआ तो हम हिंदी क्षेत्र की परिधि पर स्थित हिंदीतर क्षेत्र की बात कर लेते हैं। लेकिन जो पत्रकारिता के सच्चे अनुरागी और गम्भीर अध्येता हैं वे देश की परिधि को लांघ कर दुनिया भर की खाक छानते हैं और यह उनकी ही मेहनत का सुफल है कि हम यह जान पाते हैं कि हिंदी पत्रकारिता भारत की सीमाओं के बाहर भी खूब फल-फूल रही है। हिंदी पत्रकारिता के ऐसे ही एक गम्भीर अध्येता है डॉ. जवाहर कर्नावट। उनकी एक किताब हाल में नेशनल बुक ट्रस्ट ने प्रकाशित की है जिसमें डॉ. कर्नावट ने दुनिया भर के सत्ताइस देशों की हिंदी पत्रिकारिता का अत्यंत विशद और गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया है। बहुत रोचक बात यह है कि डॉ.कर्नावट मूलत: एक बैंकर रहे हैं और बैंक ऑफ बडौदा से महाप्रबंधक के रूप में सेवा निवृत्त हुए हैं। इसलिए हिंदी पत्रकारिता का यह अध्ययन उनकी पेशेगत आवश्यकताओं का प्रतिफलन न होकर विशुद्ध रूप से उनकी रुचि का सुफल है। डॉ.कर्नावट ने अपनी ज़िम्मेदारी भरी नौकरी की व्यस्तताओं के बीच यह अध्ययन करना शुरू किया और फिर सेवा निवृत्त हो जाने के बाद पूरे जी-जान से इसमें जुटकर इसे वर्तमान रूप में हमारे सामने प्रस्तुत किया है। इस किताब की भूमिका में वे लिखते हैं, "विश्व के विभिन्न देशों की हिंदी पत्रकारिता के समृद्ध इतिहास को संकलित करने की दृष्टि से मैंने पिछले बीस वर्षों में एशिया, उत्तरी अमेरिका, अफ्रीका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया महाद्वीपों के अनेक देशों की यात्राएं की। इन देशों के राष्ट्रीय अभिलेखागारों, राष्ट्रीय पुस्तकालयों के साथ ही प्रमुख संस्थाओं एवं व्यक्तियों से संपर्क कर 27 से अधिक देशों से पिछले 120 वर्षों में प्रकाशित हुई लगभग 150 पत्र-पत्रिकाएं प्राप्त कर उनकी विषय वस्तु का अध्ययन किया।" पुस्तक में न केवल मुद्रण पत्रकारिता को अध्ययन का विषय बनाया गया है, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रसारण पत्रकारिता को भी इसमें समेटा गया है। कल्पना की जा सकती है कि यह काम कितना प्रयत्न व श्रम साध्य रहा होगा। अपनी भूमिका में डॉ. कर्नावट ने एक और ख़ास बात कही है जिससे इस किताब की प्रकृति का परिचय मिलता है। वे कहते हैं: "विश्व के अनेक देशों में हिंदी पत्रकारिता की यात्रा कुछ पत्र-पत्रिकाओं के छपने-बंटने तक सीमित नहीं थी। उसका इतिहास भारतीयों की विश्व यात्रा के संघर्ष, पीड़ा और सुखद प्रतिष्ठापन तक के सफर का अहम दस्तावेज़ है।"

डॉ. कर्नावट ने अपनी इस किताब के चार खण्डों के कुल 22 अध्यायों में दुनिया भर के देशों में हिंदी पत्रकारिता के इतिहास और वर्तमान का आकलन किया है। पहला खण्ड है 'गिरमिटिया देशों में हिंदी पत्रकारिता।' इस खण्ड में मॉरीशस, दक्षिण अफ्रीका, फीजी, सूरीनाम, गयाना और त्रिनिदाद-टुबैगो में हिंदी पत्रकारिता के अतीत और वर्तमान की छवि उकेरी गई है। यह बात सर्वविदित है कि उन्नीसवीं शताब्दी में भारत से बहुत बड़ी संख्या में गिरमिटिया मज़दूर यूरोपीय देशों के उपनिवेशों में ले जाए गए थे। "अपनी जड़-ज़मीन से दूर जाते समय ये गिरमिटिया मज़दूर अपने साथ गंगाजल, तुलसी और रामचरितमानस का गुटका लेकर गए थे। इस प्रकार उन्होंने अपनी विवशता की विदेश यात्रा को परदेश में स्वदेश रचने की सांस्कृतिक यात्रा में बदल दिया।" अधिकांशत: अवधी और भोजपुरी क्षेत्रों से गए इन मज़दूरों ने अपना खून-पसीना बहाकर नई दुनिया रची और ऐसा करते हुए प्रतिरोध, असहमति, सूचना, संवाद, एकजुटता, जागृति के लिए ज़रूरी संवाद-संचार के माध्यम के रूप में पत्रकारिता को अपनाया। इन गिरमिटिया मज़दूरों ने हिंदी पत्रकारिता के माध्यम से न केवल आत्माभिव्यक्ति की, ऐसा करते हुए नई ऊर्जा भी प्राप्त की। यहीं यह स्मरण कर लेना भी उपयुक्त होगा कि सन 1893 में प्रिटोरिया पहुंचे मोहन दास कर्मचंद गांधी सन 1903 में जोहानसबर्ग पहुंचे थे और उन्होंने वहां से चार जून 1903 को 'इण्डियन ओपीनियन' नामक पत्र निकाला था। इस पत्रिका के दूसरे ही अंक में हिंदी प्रजा की स्थिति शीर्षक टिप्पणी में गांधीजी ने अंग्रेज़ों द्वारा गिरमिटियाओं पर किए जाने वाले अत्याचारों का विवरण दिया था। मॉरीशस में मणिलाल ने 1909 में हिंदुस्तानी का प्रकाशन गुजराती/अंग्रेज़ी में शुरू किया लेकिन एक वर्ष बाद ही इसकी भाषा बदल कर हिंदी कर दी गई। किताब का दूसरा खण्ड है उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप के देशों में हिंदी पत्रकारिता। इस खण्ड में अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, और न्यूज़ीलैण्ड में हिंदी पत्रकारिता का विस्तृत परिचय दिया गया है। किताब का तीसरा खण्ड है यूरोप महाद्वीप के देशों में हिंदी पत्रकारिता और इस खण्ड में ब्रिटेन, नीदरलैण्ड, जर्मनी, नॉर्वे, हंगरी-बुल्गारिया और रूस में हिंदी पत्रकारिता की दशा और दिशा का परिचय दिया गया है। किताब का आखिरी खण्ड है एशिया महाद्वीप के देशों में हिंदी पत्रकारिता', और इस खण्ड में जापान, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और कतर, चीन और तिब्बत, सिंगापुर, म्यांमार, श्रीलंका और थाइलैण्ड, और नेपाल में हिंदी पत्रकारिता की विकास यात्रा का परिचय दिया गया है।

> **जब हम हिंदी पत्रकारिता की बात करते हैं तो प्रायः हमारी नज़र हिंदी क्षेत्र की सीमा का उल्लंघन नहीं कर पाती है। बहुत हुआ तो हम हिंदी क्षेत्र की परिधि पर स्थित हिंदीतर क्षेत्र की बात कर लेते हैं। लेकिन जो पत्रकारिता के सच्चे अनुरागी और गम्भीर अध्येता हैं वे देश की परिधि को लांघ कर दुनिया भर की खाक छानते हैं और यह उनकी ही मेहनत का सुफल है कि हम यह जान पाते हैं कि हिंदी पत्रकारिता भारत की सीमाओं के बाहर भी खूब फल-फूल रही है।**

विद्वान लेखक ने हर खण्ड में सम्बद्ध देश में भारतीयों की स्थिति की चर्चा करने के बाद वहां से निकलने वाली हिंदी पत्र-पत्रिकाओं की प्रामाणिक जानकारी दी है। इस पूरी जानकारी को पढ़ते हुए हमें सहज ही इस बात पर गर्व होता है कि अपने देश में भले ही हम हिंदी की वर्तमान स्थिति से असंतुष्ट हों, विदेशों में रह रहे भारतीय हिंदी पत्रकारिता की मशाल को जलाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। किताब में विभिन्न देशों से प्रकाशित होने वाली पत्रिकाओं की तस्वीरें तो हैं ही, लेखक ने अंत में उन महानुभाव का भी नामोल्लेख करने में कोताही नहीं बरती है जिन्होंने उनको यह सारी सामग्री सुलभ करवाई है।


अगर राजनीतिक सहमतियों-असहमतियों और विवादों की बात छोड़ दें तो यह बात निर्विवाद है कि हिंदी लगातार आगे बढ़ रही है। उसमें बहुत सारा सृजन हो रहा है और पूरे देश में वह एक सशक्त सम्पर्क भाषा के रूप में मान्य होती जा रही है। ज्ञान विज्ञान और विचार की भाषा के रूप में उसका निरंतर विकास हो रहा है। विभिन्न भाषाओं से उसमें अनुवाद भी खूब हो रहे हैं और तकनीक ने भी उसे और उसने तकनीक को खुले मन से अपनाया है। आज के सूचना प्रौद्योगिकी के समय में कोई भाषा तकनीक से दूरी बरत भी नहीं सकती। हिंदी भी नहीं बरत रही है। इस सबके साथ विद्वानों का एक बड़ा तबका उसकी विकास यात्रा पर भी पैनी नज़र बनाए हुए है। यह बहुत ज़रूरी है। डॉ.कर्नावट के इस काम को मैं इसी नज़र से देखता हूं। लगभग तीन सौ पृष्ठों की यह किताब वैश्विक मंच पर हिंदी की शानदार, सजीव और सार्थक उपस्थिति का परिचय देते हुए हममें गर्व और उत्साह का संचार करती है। लेकिन इस गर्व के साथ-साथ हमारा मन उन सबके प्रति बहुत गहरी कृतज्ञता से भी भर उठता है जिन्होंने तमाम विषमताओं के बीच अपने-अपने देशों में हिंदी का परचम लहराने का प्रशंसनीय काम किया है। इन सबके प्रयत्नों का ही यह सुफल है कि दुनिया के लगभग सभी देशों में हिंदी की दमदार उपस्थिति हमारा माथा गर्व से ऊंचा कर रही है।

पूरे हिंदी समाज को डॉ. जवाहर कर्नावट के इस बड़े काम का अभिनंदन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए।

**चर्चित पुस्तक:** विदेश में हिंदी पत्रकारिता: 27 देशों की हिंदी पत्रकारिता का सिंहावलोकन
**लेखक :** जवाहर कर्नावट
**प्रकाशक:** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत
**पहला संस्करण** - 2024. पृ. 300, पेपरबैक मूल्य: 400.00 (बेंगलुरु प्रवास से)

**-अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# जेनेरिक दवाएं: हकीकत से गुमराह करती ब्रांडेड कम्पनियां



**अविनाश जोशी**

आज के युग में दवाइयां हर व्यक्ति के जीवन का एक अहम हिस्सा हो गई है। हमारी मासिक आय का एक बड़ा हिस्सा दवाइयों के मद में खर्च हो जाता है। आमतौर पर डॉक्टर्स महंगी दवाएं लिखते हैं इससे ब्रांडेड दवा कंपनियां खूब मुनाफा कमाती हैं लेकिन क्या आप जानते हैं आप चिकित्सक की लिखी सस्ती दवाएं भी खरीद सकती हैं। आपका डॉक्टर आपको जो दवा लिखकर देता है उसी साल्ट की जेनेरिक दवा आपको बहुत सस्ते में मिल सकती है। महंगी दवा और उसी साल्ट की जेनेरिक दवा की कीमत में कम से कम पांच से दस गुना का अंतर होता है। कई बार जेनरिक दवाओं और ब्रांडेड दवाओं की कीमतों में 90 पर्सेंट तक का भी फर्क होता है। जरूरत इस बात की है कि डॉक्टर्स को जेनेरिक दवाएं लिखनी चाहिए। इससे इलाज सस्ता होगा क्योंकि जेनरिक दवाइयां सस्ती होती हैं, दवाइयों का खर्चा भी इससे कम आएगा और कुल मिलाकर इलाज सस्ता हो जाएगा।

जेनेरिक दवाएं हमेशा साल्ट के नाम से बाजार में उपलब्ध होती है अमूमन किसी एक बीमारी के इलाज के लिए तमाम तरह की रिसर्च और स्टडी के बाद एक रसायन (साल्ट) तैयार किया जाता है जिसे आसानी से उपलब्ध करवाने के लिए दवा की शक्ल दे दी जाती है। इस साल्ट को हर कंपनी अलग-अलग नामों से बेचती है। कोई इसे महंगे दामों में बेचती है तो कोई सस्ते। लेकिन इस साल्ट का जेनेरिक नाम साल्ट और बीमारी का ध्यान रखते हुए एक विशेष समिति द्वारा निर्धारित किया जाता है। किसी भी साल्ट का जेनेरिक नाम पूरी दुनिया में एक ही रहता है। अधिकत्तर बड़े शहरों में जेनेरिक मेडिकल स्टोर होते हैं, लेकिन इनका ठीक से प्रचार-प्रसार ना होने के कारण इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पाता। मजूबरी में ठीक जानकारी ना होने के कारण गरीब भी केमिस्ट से महंगी दवाएं खरीदने पर मजबूर हो जाता है।

जेनेरिक और ब्रांडेड दवाओं में मुख्य अंतर यह है कि जेनेरिक दवाओं में ब्रांडेड दवाओं के समान ही सक्रिय तत्व होते हैं, लेकिन इनमें गैर-सक्रिय तत्व (एक्सिपिएंट्स) अलग हो सकते हैं। इन अंतरों के बावजूद, जेनेरिक और ब्रांडेड दवाओं का असर शरीर पर एक जैसा ही होता है। जेनेरिक दवाओं को उनके रासायनिक नामों से जाना जाता है। जेनेरिक दवाओं की मार्केटिंग और ब्रांडिंग पर कंपनियां कम पैसे खर्च करती हैं इसीलिए जेनेरिक दवाएं, ब्रांडेड दवाओं से सस्ती होती हैं।

जेनेरिक दवाएँ ब्रांडेड दवाओं के समान रूप से काम करती हैं, क्योंकि वे मूल दवाओं के अक्षरशः समान रूप में सक्रिय घटकों का उपयोग करती हैं। जब दवाओं के रसायन मानकों के अनुसार होते हैं, तो उनका प्रभाव आमतौर पर समान होता है। हालांकि, कुछ मामलों में व्यक्तिगत प्रतिक्रिया में थोड़ी भिन्नता हो सकती है, जो व्यक्ति की शारीरिक या चिकित्सा दशा पर निर्भर करती है।

मानोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से, यह सच है कि व्यक्तिगत मानसिक स्थितियों और प्रतिक्रियाओं में अंतर हो सकता है जब किसी दवा का उपयोग किया जाता है। कुछ लोगों के लिए जेनेरिक दवाएँ काम कर सकती हैं, जबकि दूसरों के लिए वे कम प्रभावी महसूस हो सकती हैं। मानसिक स्वास्थ्य और उपचार की स्थिति व्यक्तिगत होती है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि किसी भी दवा का उपयोग करने से पहले एक विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श किया जाए। जेनेरिक दवाएँ के लिए अक्सर सभी देशों में विशेष कानून नहीं बना है, लेकिन इनका उपयोग और विपणन बाजार नियमों और गाइडलाइन्स के अधीन होता है। ये दिशा-निर्देशों में उनके गुणवत्ता, प्रभाव, और सुरक्षा के स्तर की देखभाल को सुनिश्चित करने के तरीके शामिल होते हैं।

ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच यह स्पष्ट अंतर हो सकता है कि ब्रांडेड दवाएँ उनके पेटेंट की सुरक्षा में होती हैं, जिससे उनके तत्वों की नकल नहीं की जा सकती है। जब तक कि ब्रांडेड दवा के पेटेंट का समय समाप्त नहीं हो जाता, जबकि जेनेरिक वैकल्पिक दवाएँ उपलब्ध नहीं होती हैं। जब पेटेंट समय समाप्त होता है, तब अन्य उत्पादक भी उसी सक्रिय घटक का उपयोग करके जेनेरिक दवाएँ बना सकते हैं, अगर वे समान मानकों को पूरा करती हैं। कुछ देशों में जेनेरिक दवाओं की निर्माण और विपणन की दिशा-निर्देशों के तहत नियमित जाँच और मूल्य निर्धारण होता है।

ब्रांडेड दवाओं के मूल्य निर्धारण के लिए यह कुछ दिशानिर्देश हो सकते हैं जैसे प्रतिस्पर्धी बाजार में मूल्य की जांच करें ताकि आप अपने उत्पादों के मूल्य स्तर को समझ सकें। आपके उत्पाद की गुणवत्ता, उपयोगिता और विशेषताओं को भी नजर में रखें। कई बार आम जन जेनरिक दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव पर सवाल उठाते हैं। इसको सुनिश्चित करने के लिए सरकार और सामुदायिक स्वास्थ्य संगठनों को सही कदम उठाने की जरूरत है।

चिकित्सक अक्सर मरीज के रोग और उनकी मेडिकल हिस्ट्री के आधार पर उपयुक्त दवा लिखते हैं। वे यह सुनिश्चित करने की कोशिश करते हैं कि मरीज को सही और प्रभावी उपचार मिले अगर गौर करे तो जेनरिक दवाएं भी सटीक मानदंडों को पूरा करने पर उपलब्ध होती हैं, लेकिन कई बार डॉक्टर ब्रांडेड दवाओं को प्राथमिकता देते हैं क्योंकि उनकी प्रतिष्ठा मान्यता और अनुभव का इससे सीधा संबंध होता है। लेकिन यह भी सत्य है कि जेनरिक दवाएं कई बार सस्ती और समान तरीके से प्रभावी होती हैं, और वे सामान्य लोगों के लिए अधिक उपयोगी हो सकती हैं।

जेनेरिक दवाओं की प्रमाणिकता और गुणवत्ता का मूल्यांकन कई मापदंडों पर किया जाता है कि यह मूल ब्रांड के समान या समरूप स्तर पर शरीर में अवशोषित होती है अथवा नहीं हालांकि जेनेरिक दवा की गुणवत्ता उसके सामग्रियों, निर्माता की प्रक्रियाओं और गुणसूत्रों पर निर्भर करती है। इन दवाओं के लिए क्लिनिकल ट्रायल्स किए जाते हैं ताकि उनकी सुरक्षा, प्रभाव और मरीज के सहन करने की क्षमता का मूल्यांकन किया जा सके। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय नियामक संगठनों द्वारा जेनेरिक दवाओं के लाइसेंसिंग और पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान भी गुणवत्ता और प्रमाणिकता की मान्यता दी जाती है।

जेनेरिक दवाएं बिना किसी पेटेंट के बनाई और सरकुलेट की जाती हैं। हां, जेनेरिक दवा के फॉर्मुलेशन पर पेटेंट हो सकता है लेकिन उसके मैटिरियल पर पेटेंट नहीं किया जा सकता. इंटरनेशनल स्टैंडर्ड से बनी जेनेरिक दवाइयों की क्वालिटी ब्रांडेड दवाओं से कम नहीं होती। ना ही इनका असर कुछ कम होता है। जेनेरिक दवाओं की डोज, उनके साइड-इफेक्ट्स सभी कुछ ब्रांडेड दवाओं जैसे ही होते हैं।

जहां ब्रांडेड दवाओं की कीमत कंपनियां खुद तय करती हैं वहीं जेनेरिक दवाओं की कीमत को निर्धारित करने के लिए सरकार का हस्तक्षेप होता है। जेनेरिक दवाओं की मनमानी कीमत निर्धारित नहीं की जा सकती। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक, डॉक्टर्स अगर मरीजों को जेनेरिक दवाएं प्रिस्क्राइब करें तो विकसित देशों में स्वास्थय खर्च 70 पर्सेंट और विकासशील देशों में और भी अधिक कम हो सकता है।

कई बार डॉक्टर सिर्फ साल्ट का नाम लिखकर देते हैं तो कई बार सिर्फ ब्रांडेड दवा का नाम। कुछ खास बीमारियां हैं जिसमें जेनेरिक दवाएं मौजूद होती हैं लेकिन उसी सॉल्ट की ब्रांडेड दवाएं महंगी आती हैं। ये बीमारियां हैं जैसे- हार्ट डिजीज, न्यूरोलोजी, डायबिटीज, किडनी, यूरिन, बर्न प्रॉब्लम। इन बीमारियों की जेनेरिक और ब्रांडेड दवाओं की कीमतों में भी बहुत ज्यादा अंतर देखने को मिलता है। जेनेरिक दवाएं सस्ती होने की सबसे बड़ी वजह से है कि उनका कोई प्रचार नहीं होता है। मार्केटिंग के प्रचार पर पैसा खर्च नहीं होता है। प्रचार में कंपनियों का काफी पैसा खर्च होता है। पहले डेवलपर्स के पेटेंट की अवधि समाप्त होने के बाद उनके फार्मूलों और साल्ट का उपयोग करके बनाई जाती हैं। दवा के साथ डॉक्टर के व्यवहार एवम आचरण के महत्व को दर्शाते फहमी बदायूंनी के यह शब्द बहुत कुछ सीखा जाते है।

**पूछ लेते वो बस मिजाज मेरा,**
**कितना आसान था इलाज मेरा।**

**–अविनाश जोशी,**
**स्वंतत्र पत्रकार एवम लेखक**

# 'भारतीय सेना कभी भी अपने पूर्व सैनिकों को नहीं भूलती है'

## डीडवाना के राजकीय खेल स्टेडियम में सेना की गौरव सेनानी रैली का आयोजन

- **साउथ वेस्टर्न रीजन के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने शिरकत की**
- **कार्यक्रम में शहीदों की वीरांगनाओं और युद्धों में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान किया**

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना के राजकीय खेल स्टेडियम में रविवार को भारतीय सेना की ओर से गौरव सेनानी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में साउथ वेस्टर्न कमांड के लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने शिरकत की। इस दौरान शहीदों की वीरांगनाओं और युद्धों में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। वहीं पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की अनेक समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।




**साउथ वेस्टर्न कमांड के लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने समारोह को संबोधित किया।**

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिक कभी भी भूतपूर्व नहीं होता, बल्कि सेना से मिला अनुभव, अनुशासन और उसका किरदार हमेशा जीवंत रहता है। रिटायरमेंट के बाद भी सैनिक, सैनिक की भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना कभी भी अपने पूर्व सैनिकों को नहीं भूलती और उनके योगदान, वीरता और उनकी शहादत को हमेशा याद रखती है। इसलिए समय-समय पर इस प्रकार की रैलियों का आयोजन किया जाता है, जिनमें पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके। लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा कि भारतीय सेना और सरकार सैनिकों की हर प्रकार की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी जो भी समस्या होगी, उनका समाधान किया जाएगा। विभिन्न आर्मी स्टेशनों और जहां-जहां आर्मी के कार्यालय मौजूद है, वहां आर्मी सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा रही है, ताकि पूर्व सैनिकों को तत्काल राहत प्रदान हो सके।

इस रैली में सेना के विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाई गई, जहां सैनिक रिकॉर्ड, एक्स सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम, आर्मी वेलफेयर प्लेसमेंट, जिला सैनिक कल्याण विभाग, सीएसडी काउंटर, डायरेक्ट्रेट ऑफ इंडियन आर्मी वेटरंस, पीसीडीए (पेंशन), रिकॉर्ड ऑफिस, पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) आदि की स्टॉल लगाई गई। वहीं गौरव सेनानियों, वीरांगनाओं, युद्ध वीरांगनाओं व उनके आश्रितों की समस्याओं व प्रकरणों का मौके पर ही निदान किया गया। रैली के दौरान भारतीय सेना के जवानों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां दी, जिनमें बैंड वादन, वाइपर बैंड वादन और विभिन्न रेजीमेंट की युद्ध कला कौशल का प्रदर्शन किया।

# स्टूडेंट्स के मानसिक स्तर का पता लगाने के लिए देशभर में परख परीक्षा आयोजित होगी


**बीकानेर,** (निसं)। देशभर के स्कूलों में पढ़ रहे स्टूडेंट्स के मानसिक स्तर का पता लगाने के लिए एक बार फिर केंद्र सरकार की ओर से परख परीक्षा आयोजित की जा रही है। ये परीक्षा इस बार चार दिसम्बर को होगी, जिसमें क्लास तीन, छह और नौ के स्टूडेंट्स एग्जाम देंगे। सरकारी और प्राइवेट स्कूल इस एग्जाम में हिस्सा लेंगे। राजस्थान के स्टूडेंट्स की रिपोर्ट सुधारने के लिए शिक्षा विभाग ने मॉडल टेस्ट पेपर तैयार किए हैं लेकिन स्कूल संचालक इसमें रुचि नहीं ले रहे।

परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के तहत ये परीक्षा चार दिसम्बर को आयोजित होनी है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् ने सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाली क्लासेज के लिए मॉडल टेस्ट पेपर तैयार करवाए हैं। इन टेस्ट पेपर को शाला दर्पण साइट पर उपलब्ध कराया गया है। सभी स्कूल संचालकों को इसे डाउनलोड करने के निर्देश भी दिए गए लेकिन अब तक 45 प्रतिशत स्कूल ने ही इसे डाउनलोड किया है। ऐसे में स्कूल शिक्षा परिषद् के निदेशक ने सभी स्कूलों को फिर से निर्देश जारी किए हैं।

शाला दर्पण पोर्टल पर दिए गए मॉडल टेस्ट पेपर से टीचर्स को अपने स्टूडेंट्स को एग्जाम की तैयारी करवानी है। इस निर्देश की पालना नहीं होने से सर्वेक्षण में राजस्थान की स्थिति ज्यादा बेहतर आने की उम्मीद कम है। जिन जिलों में औसत से भी कम मॉडल टेस्ट पेपर डाउनलोड किए गए हैं, उनमें पाली, चूरू, बारां, प्रतापगढ़, झुंझुनूं, झालावाड़, भरतपुर, उदयपुर, अलवर, सवाई माधोपुर, जोधपुर, दौसा, धौलपुर, बाडमेर, बांसवाड़ा और जालौर शामिल हैं।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया है कि केंद्र सरकार की ओर से चार दिसम्बर को आयोजित रिजल्ट में अगर किसी स्कूल व जिले का रिजल्ट खराब आया तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी और डाइट प्राचार्य पर डाली गई है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 25 नवम्बर, 2024**

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 1:24 तक, विष्कुम्भ योग रात्रि 1:11 तक, वणिज करण दिन 11:41 तक, चन्द्रमा कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज कुमार योग रात्रि 1:24 से आरम्भ होगा। भद्रा दिन 11:41 से रात्रि 1:02 तक रहेगी। आज भगवान महावीर कल्याणक दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:17 तक, शुभ 9:36 से 10:55 तक, चर 1:33 से 2:51 तक, लाभ-अमृत 2:51 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:58, सूर्यास्त 5:29

**मेष**
अटके हुए काय बनने लगेंगे। चलते व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बढ़ेगा। संभावित धन प्राप्त होगा।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कन्या**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक एवं आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। शुभ कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक विवादों को टालना ठीक रहेगा। पारिवारिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों के लिए दिन नहीं है।

**मीन**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में संगठन पर्व 2024 के तहत सक्रिय सदस्यता और संगठनात्मक चुनाव बैठक को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी डॉ राधामोहन दास अग्रवाल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व साधारण सदस्यता अभियान प्रदेश संयोजक अरुण चतुर्वेदी, सक्रिय सदस्यता अभियान प्रदेश संयोजक ओंकार सिंह लखावत ने संबोधित किया ।

# ‘भाजपा का संगठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बनता है’

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने भाजपा की सक्रिय सदस्यता व संगठन चुनाव बैठक को सम्बोधित किया

- संगठन पर्व 2024 बैठक को मुख्य मंत्री के अलावा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, संयोजक अरुण चतुर्वेदी व ओंकार सिंह लखावत ने भी संबोधित किया
- बैठक में पांचों नवनिर्वाचित विधायकों को साफा पहनाकर बधाई दी गई।

जयपुर, 24 नवंबर । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में संगठन पर्व 2024 के तहत सक्रिय सदस्यता और संगठनात्मक चुनाव बैठक का आयोजन हुआ।

संगठन पर्व 2024 बैठक को भाजपा राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी डॉ राधामोहन दास अग्रवाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व साधारण सदस्यता अभियान प्रदेश संयोजक अरुण चतुर्वेदी, सक्रिय सदस्यता अभियान प्रदेश संयोजक ओंकार सिंह लखावत ने संबोधित किया ।

बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने उपचुनाव में विजयी हुए पांचों नवनिर्वाचित विधायकों को साफा, भाजपा का दुपट्टा, पुष्पगुच्छ देकर जीत की बधाई दी गई।

प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने बैठक को संबोधित करके हुए कहा कि राजनीति की 2 जातियाँ होती हैं, एक सत्ता और दूसरी संगठन। हमें संगठन को मजबूत बनाते हुए हर जिले में सक्रिय सदस्यता अभियान को सफल बनाना है।

प्रभारी अग्रवाल ने पाँच सीटों पर जीत की बधाई देते हुए कहा, सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत ही है कि आज हम उपचुनाव में पाँच सीटें जीतकर आए हैं। चौरासी और दौसा में भी भाजपा का मत प्रतिशत बढ़ा है, वहां की जनता का भी अभिनंदन और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद जिन्होंने रात दिन मेहनत की और संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपना बहुमूल्य समय दिया। उपचुनावों में कांग्रेस पूरी तरह पिछड़ गई है कांग्रेस के बड़े नेताओं की बोलती बंद हो गई है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा राजनैतिक दल है जिसका संविधान है और पंच निष्ठाएँ हैं। ये सभी पंच निष्ठाएँ और संविधान के संस्कार लेकर ही हम चुनाव लड़ते हैं। कोई भी राजनीतिक दल नहीं है जिसमें हर तीन साल में चुनाव होते हो। भाजपा की संगठन संरचना बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होती है। भाजपा में प्रवेश युवा मोर्चा के माध्यम से होता है जो युवाओं के लिए राजनीति की पहली पाठशाला है। भाजपा व्यक्ति विशेष संगठन नहीं है। भाजपा में हमेशा देश को प्रथम, दूसरे पर पार्टी और तीसरे नंबर पर व्यक्ति को रखा जाता है।

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सभी नवनिर्चवाचित विधायकों को साफा पहनाकर स्वागत किया और सभी को जीत की बधाई दी और कहा कि संगठन पर्व 2024 बैठक महत्वपूर्ण बैठक है जो दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बैठक की तर्ज पर आयोजित हो रही है ।

सक्रिय सदस्यता अभियान संयोजक ओंकार सिंह लखावत ने संगठन पर्व और संगठनात्मक चुनाव की जानकारी देते हुए कहा कि यह सबसे महत्वपूर्ण पर्व है जो 6 वर्ष बाद आयोजित जो रहा है । इसी चुनाव से आगामी 6 वर्षों के लिए संगठन का निर्माण होगा।

आप सभी निचले स्तर तक के पदाधिकारियों को संगठन पर्व की जानकारी प्रदान करें जिससे संगठन चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका रहे। जिला कार्यशाला ,मंडल कार्यशाला का आयोजन करके सभी सक्रिय सदस्यता अभियान से जोड़े और संगठन संरचना में अपना योगदान दे ।

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि साधारण सदस्यता अभियान का पोर्टल 25 नवंबर को बंद हो जाएगा और सक्रिय सदस्यता अभियान का पोर्टल 30 नवंबर को बंद हो जाएगा। आगामी 5 दिसंबर को संगठन महापर्व का समापन हो जाएगा। सदस्यता तो पूरे वर्ष कभी भी ग्रहण की जा सकती है परंतु अभियान निश्चित अवधि के लिए ही चलता है।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष व चुनाव प्रभारी नारायण पंचारिया, चुनाव सह प्रभारी हरिराम रणवा, सुशील कटारा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, नाहरसिंह जोधा, सी आर चौधरी, अजयपाल सिंह, ज्योति मिर्धा, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, संतोष अहलावत, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, महेंद्र कुमावत, स्टेफी चौहान , कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक आदि उपस्थित रहे ।

## साढ़े तीन महीने बाद वसुंधरा राजे प्रदेश मुख्यालय पहुँचीं

जयपुर, 24 नवम्बर। करीब साढ़े तीन महीने बाद आज वसुंधरा राजे पार्टी के किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंची। सोलह मिनट रुकने के बाद राजे वहां से रवाना हो गईं। बैठक में अपने संबोधन में राजे ने कहा, मुझे मीटिंग के लिए 2 बजे की सूचना थी। मैं प्रदेशाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी के आने का इंतजार कर रही थी। मेरी 4:50 बजे की फ्लाइट है। मैं व्यक्तिगत तौर पर नव निर्वाचित विधायकों को बधाई देना चाहती थी। इसलिए यहां आई, अब मुझे निकलना पड़ेगा।

- भाजपा मुख्यालय में 16 मिनट रुकने के बाद वे फ्लाइट लेने के लिये निकल गईं।

राजे करीब 4:17 पर भाजपा कार्यालय पहुंचीं और 4:33 पर वहां से रवाना हो गईं। वसुंधरा राजे इससे पहले 3 अगस्त को प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भाजपा कार्यालय आई थीं। दरअसल, भाजपा ऑफिस में आज संगठन पर्व की बैठक थी।

## ‘काटे जाने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से सांभरलेक के उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र पेश कर अनुमति मांगी गई। गत 4 जुलाई को ए.डी.एम. ने इन पेड़ों को काटने की सशर्त अनुमति दे दी। इसमें एक शर्त यह भी थी कि कंपनी, काटे गए पेड़ों के बदले दस फीट ऊंचाई के पांच गुणा पेड़ लगाएगी।

याचिका में कहा गया कि पेड़ काटने की अनुमति देने से पहले ऐसा कोई विकल्प नहीं तलाशा गया, जिससे कम से कम पेड़ काटे जा सकते हों। इसके अलावा पेड़ काटने की अनुमति पांच गुणा, यानी की 3085 पेड़ लगाने की शर्त पर दी गई थी। जबकि तहसीलदार ने 7 अगस्त को उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कंपनी की ओर से पांच सौ पेड़ लगाने की जानकारी दी। याचिका में गुहार की गई कि पेड़ काटने के लिए दी गई एन.ओ.सी. और प्रशासन की ओर से पेड़ काटने के लिए जारी नीलामी आदेश को रद्द किया जाए।

## महायुति ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नेतृत्व इस पर फैसला करेगा। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की भारी जीत के बाद राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता का पद किसी को नहीं मिल सकेगा, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के बाहर कोई भी दल इसके लिए अनिवार्य, 29 सीट हासिल नहीं कर सका है।

# डंडिया की कलम ने सच को सच कहने की हिम्मत दी- कटारिया

## पत्रकारिता में 75 वर्ष पूरे होने पर मिलाप चन्द डंडिया का अभिनन्दन हुआ



पत्रकारिता में 75 वर्ष पूरे होने पर वरिष्ठ पत्रकार मिलाप चन्द डंडिया का पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया व विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अभिनन्दन किया।

जयपुर, 24 नवम्बर। झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में रविवार को वरिष्ठ पत्रकार मिलापचंद डंडिया का अभिनंदन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल कटारिया थे और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अध्यक्षता की। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी व वरिष्ठ पत्रकार प्रवीणचंद्र छाबड़ा विशिष्ट अतिथि थे।

कार्यक्रम संयोजक, सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा ने बताया कि मंचासीन अतिथियों ने 93 वर्षीय डंडिया के पत्रकारिता जीवन के अमृतोत्सव (75 वर्ष पूर्ण होने पर) अभिनंदन ग्रंथ का लोकार्पण भी किया। इसके बाद बजरंग सिंह शेखावत द्वारा हस्तलिखित सम्मान पत्र डंडिया को समर्पित किया गया। सम्मान पत्र का वाचन वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बोड़ा ने किया। बीबीसी के पूर्व भारत प्रमुख संजीव श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के शुभकामना संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र शर्मा हंस ने किया। इससे पूर्व पद्मश्री से अलंकृत उस्ताद अहमद हुसैन और उस्ताद मोहम्मद हुसैन बंधुओं ने गणेश वंदना और मां शारदा की स्तुति के साथ समारोह की शुरुआत की। अभिनंदन समारोह में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, पत्रकार और पत्रकारिता के विद्यार्थी शामिल हुए।

- अभिनन्दन समारोह में बड़ी संख्या में प्रबद्धजन, पत्रकार व पत्रकारिता के विद्यार्थी शामिल हुए। राज्यपाल कटारिया समारोह के मुख्य अतिथि थे व देवनानी ने अध्यक्षता की। सी.पी.जोशी व प्रवीण चन्द्र छाबड़ा विशिष्ट अतिथि और विधायक गोपाल शर्मा संयोजक थे।

मिलापचंद डंडिया ने अभिनंदन समारोह के लिए पत्रकार जगत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, लोकसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। साथ ही नवोदित और युवा पत्रकारों को जजमेंट शिप के बजाय खोजपूर्ण सत्य और तथ्य आधारित पत्रकारिता को प्राथमिकता देने की नसीहत दी।

अभिनंदन समारोह में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि मिलापचंद डंडिया की पत्रकारिता का मैं प्रत्यक्षदर्शी रहा हूं। हम चाहे सत्ता में रहे हों या विपक्ष में, डंडिया को सदैव सच्ची लेखनी के लिए याद करते हैं। इन्होंने राजस्थान के पत्रकारों को सच को सच कहने की हिम्मत दी।

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान के वरिष्ठतम पत्रकार के अभिनंदन समारोह में उपस्थित होना गौरव का विषय है। यह अभिनंदन किसी व्यक्ति विशेष का नहीं है, बल्कि यह एक विचार का अभिनंदन है। मुझे ऐसे व्यक्ति के अभिनंदन के लिए समारोह समिति का अध्यक्ष बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी ने कहा कि डंडिया का पूरा पत्रकारीय जीवन सख्त अनुशासन के साथ सच्चाई के प्रति कटिबद्ध रहते हुए बीता है। इसके हम सभी गवाह हैं।

कार्यक्रम संयोजक सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि मिलापचंद डंडिया की पत्रकारिता के 75 वर्षों की यात्रा का उल्लेख किए बिना राजस्थान की खोजपूर्ण पत्रकारिता का इतिहास अधूरा है।

## आज से मणिपुर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यूनिवर्सिटी, सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में क्लासेस फिर से शुरू होंगी।

इधर मणिपुर पुलिस ने 16 नवंबर को सी.एम. बीरेन सिंह सहित 17 विधायकों के घरों पर हमले के मामले में 7 और गिरफ्तारी कीं। अब तक 41 आरोपियों को अरेस्ट किया जा चुका है।

11 नवंबर को जिरिबाम में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 10 कुकी-जो उग्रवादियों को मार गिराया था। इसके बाद मैतेई समुदाय के अगवा किए गए 3 महिला और 3 बच्चों के शव मिले थे। तभी से 7 जिलों में हिंसा जारी है।

## संभल में हिंसा से तीन मरे...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शुरू कर दी गई है। इसके पहले एक अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों ने सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिलों में आग लगाने की भी कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि हिंसा के आरोपियों पर कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि सर्वे की योजना सुबह के समय बनाई गई थी ताकि मस्जिद में होने वाली नमाज में व्यवधान न हो, जो आमतौर पर दोपहर में होती है।

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के संभल जिले में एक मस्जिद के सर्वेक्षण को लेकर हुई कथित हिंसा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और प्रशासन द्वारा राज्य के उपचुनाव में अनियमितताओं पर से ध्यान हटाने के लिए "रची गई।"

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, विवादित स्थल पर अदालत के आदेश के तहत "एडवोकेट कमिश्नर" ने दूसरी बार सर्वेक्षण कार्य सुबह सात बजे के आसपास शुरू किया और इस दौरान मौके पर भीड़ जमा होने लगी। मुरादाबाद के मंडल आयुक्त ने कहा, "सर्वेक्षण शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था, तभी मस्जिद के पास लोगों का एक समूह इकट्ठा हो गया और नारेबाजी करने लगा। जब पुलिस ने इलाके को खाली कराने का प्रयास किया, तो भीड़ में शामिल उपद्रवियों के एक समूह ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया।"

कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के संभल में हुई घटना को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की साजिश का नतीजा बताया और कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में कोई 'सेफ' नहीं है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि संभल की घटना से साफ हो गया है की 'बटेंगे तो कटेंगे' का निंदनीय नारा देने वाले योगी आदित्यनाथ के राज में कोई नागरिक 'सेफ' नहीं है। संभल में जिस तरह से प्रदर्शनकारियों पर सीधे फायरिंग के वीडियो सामने आये हैं वे सब मुख्यमंत्री और भाजपा-आरएसएस की सोची समझी साज़िश का दुष्परिणाम है। जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश सद्भाव और सौहार्द का प्रतीक रहा है वहाँ षड्यंत्र के तहत तीन लोगों की जान ली गई और कई लोग घायल हुए हैं।

## हिमपात व वर्षा से कश्मीर की कई सड़कें बंद

श्रीनगर, 24 नवंबर। कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में ताजा हिमपात और कुछ मैदानी इलाकों में बारिश के कारण रविवार को कई सड़कें बंद हो गईं। यातायात पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जम्मू संभाग के पुंछ और राजौरी जिलों से जोड़ने वाली ऐतिहासिक मुगल रोड को रविवार को पीर की गली में हिमपात के बाद एहतियात के तौर पर वाहन यातायात के लिए बंद कर दिया गया। राजदान टॉप और उत्तरी कश्मीर जिले की अन्य जुड़ी सड़कों पर हिमपात के कारण गुरेज-बांदीपोरा सड़क भी वाहन यातायात के लिए बंद कर दी गई है।

# ‘हमारी पार्टी भविष्य में उपचुनाव नहीं लड़ेगी’

## मायावती ने कहा, अब ई.वी.एम. के जरिये भी फर्जी मतदान होने लगा है

लखनऊ, 24 नवंबर। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में ई.वी.एम. के जरिए फर्जी वोटिंग का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी भविष्य में उपचुनाव नहीं लड़ेगी।

मायावती ने रविवार को यहां कहा कि पहले बैलट पेपर के जरिए फर्जी मतदान की सूचनाएं मिलती थीं लेकिन अब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए भी फर्जी मतदान होने लगा है इसलिए उनकी पार्टी ने फैसला लिया है कि भविष्य में किसी भी उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव में पूरी ताकत से जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी।

- उन्होंने कहा उपचुनाव में सरकारी मशीनरी पूरी तरह सत्तारुढ़ दल के प्रभाव में होती है। आम चुनाव में मशीनरी को लगता है विपक्षी दल भी सत्ता में आ सकता है, इसलिये वह बेईमानी के पक्ष में ज्यादातर खड़ी नहीं होती।

उपचुनाव न लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि उपचुनाव में सरकारी मशीनरी पूरी तरह से सत्तारूढ़ दल के प्रभाव में होती है जबकि आम चुनाव में ऐसा नहीं है क्योंकि सरकारी मशीनरी को लगता है कि यदि विपक्षी दल सत्ता में आएगा तो उनके लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है इसलिए आम चुनाव में सरकारी मशीनरी बेईमानी के पक्ष में ज्यादातर खड़ी नहीं होती।

मायावती ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी ही इकलौती ऐसी पार्टी है जो दलित और वंचित समाज के पक्ष में हमेशा खड़ी रहती है। 2007 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के बाद कांग्रेस और भाजपा जैसी जातिवादी पार्टियों को लगा कि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो केंद्र में भी अपनी सरकार बना सकती है, इसलिए उन्होंने कई स्वार्थी राजनीति करने वाली जातिवादी पार्टियों को खड़ा कर दिया।

# ‘कुछ समूह सोशल मीडिया से अदालत को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं’

## पूर्व सी.जे.आई. चन्द्रचूड़ ने जजों को इनसे सावधान रहने की सलाह दी

नई दिल्ली, 24 नवंबर। भारत के पूर्व सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने सोशल मीडिया को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि कुछ समूह सोशल मीडिया के जरिए नतीजों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। जजों को इनसे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आजकल लोग यूट्यूब या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देखे गए 20 सेकंड के वीडियो के आधार पर राय बना लेते हैं, यह बहुत बड़ा खतरा है।

उन्होंने एनडीटीवी इंडिया के एक कार्यक्रम में कहा, 'आज कुछ विशेष हित समूह, दबाव समूह हैं जो अदालतों की राय और मामलों के नतीजों को प्रभावित करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। हर एक नागरिक को यह समझने का अधिकार है कि किसी फैसले का आधार क्या है और अदालत के फैसलों पर अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है। हालांकि जब यह अदालत के फैसलों से परे चला जाता है और किसी जज को निशाना बनाता है, तो यह मौलिक सवाल उठाता है- क्या यह वास्तव में अभिव्यक्ति की अजादी है?'

उन्होंने कहा, 'इसलिए, हर कोई 20 सेकंड में यूट्यूब या किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जो कुछ भी देखता है, उस पर अपनी एक राय बनाना चाहता है। यह एक गंभीर खतरा पैदा करता है, क्योंकि अदालतों में फैसला लेने की प्रक्रिया कहीं अधिक गंभीर है। यह वास्तव में अत्यंत जटिल होता है, जिसे आज सोशल मीडिया पर किसी के पास इसे समझने के लिए धैर्य या सहनशीलता नहीं है और यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है, जिसका सामना भारतीय न्यायपालिका कर रही है।'

- उन्होंने कहा, बीस सैकंड के यू-ट्यूब विडियो पर राय बनाना गंभीर खतरा पैदा करता है। अदालत के फैसले की जटिल प्रक्रिया को समझने का धैर्य सोशल मीडिया पर किसी के पास नहीं है।

उन्होंने कहा कि क्या सोशल मीडिया पर 'ट्रोलिंग' से जजों पर असर पड़ता है। उन्होंने कहा, 'जजों को इस तथ्य के बारे में बहुत सावधान रहना होगा कि वे लगातार विशेष हित समूहों के हमले के अधीन हैं, जो अदालतों में होने वाले फैसलों को बदलने की कोशिश कर रहे हैं।'

जस्टिस चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में कानूनों की वैधता तय करने की शक्ति संवैधानिक अदालतों को सौंपी गई है। उन्होंने कहा, 'यह नियम है कि कानून बनाने का काम विधायिका द्वारा किया जाएगा, कानून का क्रियान्वयन कार्यपालिका द्वारा किया जाएगा और न्यायपालिका कानून की व्याख्या करेगी और विवादों का निपटारा करेगी। कई बार ऐसा होता है कि अधिकार क्षेत्र को लेकर घालमेल हो जाता है। लोकतंत्र में नीति निर्माण का काम सरकार को सौंपा जाता है।'

कॉलेजियम सिस्टम का बचाव करते हुए पूर्व सीजेआई ने कहा कि इस प्रक्रिया के बारे में बहुत गलतफहमी है और यह बहुत ही सूक्ष्म विश्लेषण वाला और बहुस्तरीय है। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका की एकमात्र भूमिका है।' उन्होंने कहा कि जजों की वरिष्ठता पर सबसे पहले विचार किया जाना चाहिए।

जजों को राजनीति में जाना चाहिए? यह पूछे जाने पर पूर्व सीजेआई ने कहा कि संविधान या कानून में ऐसा करने पर कोई रोक नहीं है। उन्होंने कहा, 'समाज आपको रिटायरमेंट के बाद भी जज के रूप में देखता है।'

## 28 नवम्बर को ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जिला आयुक्त ने एक आदेश जारी कर जिले के सभी संपत्ति मालिकों के लिए किरायेदारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य कर दिया है।

उन्होंने कहा, यह निर्देश असामाजिक तत्वों और अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा संभावित खतरे के बारे में बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर आया है, जो किराए की संपत्तियों का अवैध गतिविधियों के लिए उपयोग कर सकते हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू पुलिस ने एक व्यापक जांच शुरू की है और भवानी नगर, तालाब तिल्लो जम्मू के फरमान अली और आष्टी मोहल्ला, बटमालो, श्रीनगर के आजम मलिक के खिलाफ पुलिस स्टेशन नोवाबाद में संबंधित धाराओं के तहत क्रमश: मामले दर्ज किए हैं।


SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
ई-मेल: crpd@sbi.co.in

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/18 (नियमित पद) | | |
|---|---|---|
| पद का नाम | रिक्ति | अधिकतम आयु* (कट ऑफ 01.10.2024) |
| सहायक प्रबंधक (इंजीनियर-सिविल) | 43 | 30 |
| सहायक प्रबंधक (इंजीनियर-इलेक्ट्रिकल) | 25 | 30 |
| सहायक प्रबंधक (इंजीनियर-फायर) | 101 | 40 |
| **विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/19 (संविदा पद)** | | |
| पद का नाम | रिक्ति | अधिकतम आयु* (कट ऑफ 30.09.2024) |
| जीएम एवं उप सीआईएसओ (इंफ्रा सिक्योरिटी एवं विशेष परियोजनाएं) | 01 | 50 |
| डीजीएम (इंसीडेंट रिस्पॉन्स) | 01 | 50 |

*भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयु में छूट उपलब्ध होगी।

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. इसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→ "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट (https://bank.sbi/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 22.11.2024 से 12.12.2024 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 22.11.2024
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)


**सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908

# फायनैंस कम्पनी ने मकान सीज किया, तनाव में युवती ने जहर खाकर जान दी

## मृतका के पिता ने वर्ष 2021 में फायनैंस कम्पनी से सात लाख का लोन लिया था

**कोटा,** (निसं)। बूंदी के तीरथ गांव में फायनैंस कम्पनी ने मकान सीज किया तो तनाव में आकर युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसे अचेतावस्था में उपचार के लिये परिजनों ने एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां युवती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका तीरथ गांव निवासी दिव्या मीणा (21) है। कोटा के एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम के बाहर परिजनों व ग्रामीणों ने फायनैंस कम्पनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया।

हंगामे की सूचना पाकर केशवराय पाटन थानाधिकारी देवेश भारद्वाज भी मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाइश की। ग्रामीणों ने पीड़िता के परिवारजनों को उचित मुआवजा देने, सीज किये गये मकान को खोलने और लोन की किश्त माफ करने की मांग को लेकर शव उठाने से इंकार कर दिया। वहीं कुछ ग्रामीणों ने तीरथ गांव के समीप हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस उपअधीक्षक मौके पर पहुंचे। लोगों ने समझाइश के कुछ समय बाद ही जाम को खोल दिया। वहीं पोस्टमार्टम रूम के बाहर तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। बाद में सीज मकान की चाबी मिलने पर परिजन मृतका के शव को लेकर रवाना हुए।



युवती की मौत के बाद मांगों को लेकर ग्रामीणों ने हाईवे जाम कर दिया।

- लोन की 17 किश्त भी चुका दी थी लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते किश्त नहीं चुका पा रहा था
- लोन की किश्त चुकाने को लेकर बैंक कर्मचारियों द्वारा बार-बार परिवार पर दबाब बनाया था, जिसके चलते 18 माह पूर्व पत्नी ने भी सुसाइड कर लिया था

मृतका के चाचा जगदीश मीणा ने बताया कि युवती दिव्या मीणा के पिता रमेश उर्फ महेश मीणा दूध बेचने का काम करते हैं। महेश ने साल 2021 में होम लोन के लिये फायनैंस कम्पनी से सात लाख का लोन लिया था। लोन की 17 किश्त भी चुका दी थी लेकिन आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते महेश लोन की किश्त नहीं चुका पा रहा था। लोन की किश्त चुकाने को लेकर बैंक कर्मचारियों द्वारा बार-बार उसके परिवार पर दबाब बनाया जा रहा था, जिसके चलते 18 माह पूर्व महेश की पत्नी ने भी सुसाइड कर लिया था। परिजनों ने बताया कि शनिवार को फाईनेंस कम्पनी के कर्मचारी गांव में आये और परिवार के बिना अनुपस्थिति में मकान को सीज करके चले गये। चाचा ने बताया कि जब बैंक कर्मचारियों को फोन पर थोड़े समय के लिये रुकने को कहा भी लेकिन कर्मचारी नहीं माने और मकान को सीज कर दिया और सूचना पर जब दिव्या खेत से घर पहुंची तो मकान को सीज में देखकर तनाव में आ गई। युवती ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसे अचेतावस्था में उपचार के लिये कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां युवती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

केश्वरायपाटन थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि तीरथ निवासी महेश मीणा ने फायनैंस कम्पनी से करीब सात लाख का लोन लिया था। लोन की रिकवरी के लिये किश्तें नहीं चुकाने पर बैंक द्वारा महेश के मकान की कुर्की की गई थी। महेश की बेटी दिव्या ने जहर खा लिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जायेगी।

# परिजनों के कोटा आने पर मृतक छात्र का पोस्टमार्टम हुआ

- परिजनों ने आरोप तो नहीं लगाए, लेकिन जांच की मांग की है, पिता ने बताया है कि बच्चा कभी-कभी फोन करके मन नहीं लगने की बात कहता था
- कोटा में जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे 16 साल के स्टूडेंट ने छठी मंजिल की बालकनी से छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया था

**कोटा,** (निसं)। कोटा में जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे 16 साल के स्टूडेंट के सुसाइड केस में परिजन रविवार को मध्यप्रदेश से कोटा पहुंचे। परिजनों की मौजूदगी में कोटा के एमबीएस अस्पताल में स्टूडेंट के शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मृतक कोचिंग स्टूडेंट के पिता इंद्रदेव ने कहा कि मैंने ये महसूस किया है कि बच्चे के साथ गार्जियन या मम्मी-पापा जो भी हो साथ में रहे तो ज्यादा बेहतर हैं। कम उम्र में बच्चे नादान होते हैं, पहले तो 10वीं-12 वीं के बाद जेईई-नीट की तैयारी होती थी। अभी तो कम उम्र में तैयारी शुरू कर देते हैं। ऐसे में बच्चों पर प्रेशर बढ़ जाता है। मेरा सुझाव है कि पहले जैसा सिस्टम चल रहा था वो ठीक था। पहले 12वीं के बाद ही बच्चों को मेडिकल व इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए भेजा जाता था। कम उम्र में बच्चों में परिपक्वता नहीं आ पाती। उस वजह से उसकी सोच बदल जाती है। विवेक के पिता इंद्रदेव रेलवे में सीनियर सेक्शन इंजीनियर है। विवेक से छोटा एक भाई है। उन्होंने कहा कि कैसी भी परिस्थिति हो गार्जियन या माता-पिता बच्चों के साथ जरूर रहें। बच्चे नादान होते हैं, कम उम्र में प्रेशर में भी बढ़ जाता है। इसके बाद ऐसा कदम उठा लेते हैं। आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

जवाहर नगर थाना एसआई गोपाल लाल ने बताया कि स्टूडेंट विवेक कुमार (16) मध्यप्रदेश के अनूपपुर का रहने वाला था। अप्रैल 2024 में कोटा आया था। ओल्ड राजीव गांधी नगर इलाके में हॉस्टल में रह रहा था। शुक्रवार की रात उसने हॉस्टल की छठी मंजिल की बालकनी से छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया था। सुसाइड से पहले उसने कमरे की अंदर की कुंडी लगाई और बालकनी में लगे नेट को काटकर कूद गया था। घटना के बाद स्टूडेंट को हॉस्टल संचालक निजी हॉस्पिटल लेकर गए थे। विवेक दीपावली पर घर गया था। 4 नवंबर को ही कोटा आया था। परिजनों ने आरोप तो नहीं लगाए लेकिन जांच की मांग की है। पिता ने बताया है कि बच्चा कभी-कभी फोन करके मन नहीं लगने की बात कहता था।

विवेक के पिता इंद्रदेव कुमार ने कहा कि मैं रोज सुबह साढ़े छह बजे उसे फोन करता था। उठकर क्लास जाने के लिए कहता था। एक दिन पहले शुक्रवार सुबह फोन लगाया था। उसने फोन नहीं उठाया। उसने मैसेज किया क्लास जाना है। आज वहीं पढूंगा। फिर दोपहर दो बजे करीब बात हुई। उससे पूछा पढ़ाई कैसी चल रही है। बेटे ने कहा ठीक चल रही है। केवल 5 से 10 मिनट बात हुई थी। इसके बाद शुक्रवार देर रात पुलिस की तरफ से सुसाइड की सूचना मिली। पिता ने बताया कि विवेक पढ़ाई में अच्छा था। खुद अपनी इच्छा से अप्रैल महीने में कोटा आया था। 11वीं के साथ-साथ जेईई की तैयारी कर रहा था। उसने तनाव जैसी कोई बात नहीं बताई। कोचिंग की तरफ से कोई चूक नहीं हुई है। कोचिंग तो सिस्टेमेटिक चलता है। लड़का अगर क्लास में नहीं जाएगा तो हमारे पास मैसेज आ जाएगा। उससे समझ जाते हैं लड़का क्लास अटेंड नहीं कर रहा। मेरा बेटा पढ़ाई में अच्छा था। उसे पढ़ाई से कोई टेंशन नहीं थी। पता नहीं उसने कैसे ऐसा कदम उठा लिया।

## बधाई लेने के क्षेत्राधिकार को लेकर किन्नरों में विवाद


**बयाना,** (निसं)। बधाई लेने के क्षेत्राधिकार को लेकर बयाना कस्बे में किन्नरों के दो गुट आपस में भिड़ गए।

- झगड़े में तीन किन्नर घायल, एक पक्ष ने मामला दर्ज कराया

बीच सड़क पर किन्नरों में लात-घूसे चलते देख लोगों की भी भीड़ जमा हो गई। इस झगड़े में तीन किन्नर चोटिल हो गए। घटना को लेकर एक पक्ष की ओर से पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

बयाना कस्बे में रहने वाले किन्नरों के समूह की मुखिया पूनम मौसी ने बताया कि हिंडौन कस्बे के सात-आठ किन्नरों का एक समूह बयाना में आकर शादी विवाह वाले परिवारों से शगुन की बधाई की बक्शीश ले रहा था, जिन्हें उनके क्षेत्राधिकार में आकर लोगों से गलत तरीके से बधाई लेने से मना किया। इस पर हिंडौन से आए किन्नरों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में उनके ग्रुप की किन्नर बेबी सहित दो अन्य चोटिल हो गईं। आसपास के लोगों ने बमुश्किल उन्हें हिंडौन के किन्नरों से छुड़ाया। पुलिस को सूचना देने पर हिंडौन के किन्नर अपनी फोर व्हीलर गाड़ी से भाग गए। पुलिस ने बताया कि किन्नरों के दो ग्रुपों में आपस में झगड़े की सूचना मिली है, जिस पर पीड़ित पक्ष की ओर से मामला दर्ज कराया गया है।

# स्मैक बेचने वाली महिला गिरफ्तार



लांगरा थाना पुलिस ने स्मैक तस्कर महिला सुनीता को गिरफ्तार किया।

**करौली,** (निसं)। लांगरा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक की पुड़िया बनाकर बेचने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

लांगरा थाना अधिकारी वासुदेव बसवाल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए महिला सुनीता (40) पत्नी कल्लू उर्फ हरकेश मीणा निवासी करसाई थाना मामचारी को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला का स्मैक बिक्री क्षेत्र करौली, कैलादेवी, सपोटरा तक रहता है जिससे ग्राहकों के बारे में पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि महिला हैड कांस्टेबल सुनीता, कांस्टेबल केसंती, सरोज, मनीष, जितेंद्र सरकारी जीप के साथ थाने से मामचारी गांव में एक मुकदमे में वांछित आरोपी की तलाश करते हुए पहुंचे, जहां स्मैक तस्कर सुनीता मौजूद मिली। आरोपी महिला को उसके मकान से दस्तयाब कर मामचारी लाया गया, जिसके बाद अनुसंधान में पूछताछ के मुकदमे में उसे गिरफ्तार कर मादक पदार्थ के संबंध में अनुसंधान जारी है।

## चाकूबाजी में युवक घायल

**टोक,** (निसं)। मेहंदवास थाना क्षेत्र के चूली रपटे के पास बरवास क्षेत्र में दो पक्षों में आपसी कहासुनी इतनी बढ़ गई कि चाकूबाजी की घटना घठित हो गई। मेहन्दवास थानाधिकारी रामजीलाल ने बताया कि दोपहर में फोन से सूचना मिली दो पक्षों में आपस में विवाद हो गया, जिसमें दोनों पक्षों में आपस में कहासूनी हुई, जिसमें टोंक निवासी मोहसिन पुत्र इकराम खान निवासी मेहंदी बाग कायमखानियों की गली थाना कोतवाली जिसके आपसी कहासूनी में 10-15 लोगो ने चाकू से वार कर घायल कर दिया, जिसको मेहंदवास थाना पुलिस ने घायल अवस्था में टोंक सआदत हॉस्पिटल भेजा, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार जारी है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। युवक ने 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

# पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये हेरोइन मंगवाने वाला हैंडलर गिरफ्तार

- आरोपी ने बताया कि उसने 16 अक्टूबर को चार बार में दो किलो हेरोइन पाकिस्तान से मंगवाई थी
- आरोपी को एक बार हेरोइन मंगवाने के लिए 50 हजार रुपए देने का लालच दिया जाता था

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। करीब एक माह पहले 16 अक्टूबर को भारतीय सीमा में ड्रोन मिलने के मामले में हिंदुमलकोट पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने माना है कि उसने 16 अक्टूबर को चार बार में दो किलो हेरोइन पाकिस्तान से भारतीय सीमा में मंगवाई थी।

इस हेरोइन को पंजाब सप्लाई कर दिया। हेरोइन लेकर जब चौथी बार ड्रोन भारतीय सीमा में आया तो इसकी कनेक्टिविटी टूट गई और यह भारतीय सीमा में गिर गया। इसके चार दिन बाद तस्कर ने एक बार फिर दो किलो हेरोइन मंगवाई और इसे भी पंजाब सप्लाई कर दिया। आरोपी को एक बार हेरोइन मंगवाने के लिए 50 हजार रुपए देने का लालच दिया जाता था। उसे 16 अक्टूबर की रात हेरोइन रिसीव करने और इसे पंजाब पहुंचाने की एवज में बीस हजार रुपए एडवांस दिए गए थे।

एसपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपी गांव चार सी ओड़की का रहने वाला गुरमेज सिंह पुत्र जीतसिंह है। आरोपी ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाकर इसे पंजाब में सप्लाई करने वाले तस्करों की मजबूत कड़ी के रूप में काम कर रहा था। आरोपी की पंजाब में रिश्तेदारियां हैं। आरोपी ने 16 अक्टूबर की रात गांव चार सी ओड़की में एक लॉकेशन तय की और वहां चार बार में हेरोइन के आधा-आधा किलो के चार पैकेट मंगवाए। चौथी बार लौटते समय ड्रोन की कनेक्टिविटी टूट गई और यह भारतीय सीमा में गिर गया। तस्करों ने इसके बाद भी तस्करी जारी रखी। इन लोगों ने बीस अक्टूबर की रात एक बार फिर दो किलो हेरोइन भारतीय सीमा में मंगवाई। तस्करी में चार और लोगों के शामिल होने की बात सामने आई है। इनमें दो पकड़े गए आरोपी गुरमेज के रिश्तेदार हैं। दो अन्य अज्ञात हैं। सौलह अक्टूबर की रात गुरमेज और चार अन्य आरोपी पैकेट उठाकर ओड़की में गुरमेज के घर चले और सुबह अन्य चारों आरोपी अपने वाहनों से पंजाब चले गए। बीएसएफ अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उन्होंने घटना होने के समय एक माह पहले ही एफआईआर दर्ज करवा दी थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# सलूम्बर उपचुनाव में हार के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता उदास : रघुवीरसिंह मीणा

- बीएपी के जितेश कटारा ने कहा कि प्रशासन ने भाजपा के दबाव में काम किया
- जितेश कटारा ने इसके विरोध में हाईकोर्ट जाने के भी चेतावनी दी

**उदयपुर,** (कासं)। सलूंबर उपचुनाव में कांग्रेस की हार पर कांग्रेस नेता और टिकट के प्रबल दावेदार रघुवीर सिंह मीणा ने कहा कि सलूंबर में आजादी के बाद कांग्रेस की कभी जमानत जब्त नहीं हुई, लेकिन उपचुनाव में जो हुआ उससे हमारा कार्यकर्ता बहुत उदास है। वहीं बीएपी के जितेश कटारा ने कहा कि प्रशासन ने भाजपा के दबाव में काम किया, उन्होंने इसके विरोध में हाईकोर्ट जाने के भी चेतावनी दी ।

मीणा के अनुसार आजादी के बाद कभी कांग्रेस की यहां जमानत जब्त नहीं हुई। 1977 के माहौल में भी यह नौबत नहीं आई है। इस चुनाव में कांग्रेस के नाम पर मात्र 26 हजार वोट आए और जमानत जब्त हो गई। मीणा ने कहा कि रेशमा मीणा जिन्होंने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार रघुवीर मीणा (मेरे) सामने बागी होकर मुझे चुनाव हराया, उसको टिकट दिलाने वाले क्या महसूस कर रहे हैं यह तो नहीं पता, पर हम उदास है। मीणा ने कहा कि जिन्होंने टिकट दिलाया, उनकी जिम्मेदारी तय हो और टिकट की पैरवी करने वाले कौन-कौन हैं उनसे भी पूछा जाना चाहिए। मीणा ने कहा कि जो गिनती के लोगों को लेकर यहां चुनावी कमान संभाल रहे थे, उनको भी देखना चाहिए। मीणा ने कहा कि पार्टी के पिछले चुनावों और आज के परिणाम में जो वोट घटा है, उससे कार्यकर्ता बहुत निराश है और आने वाले समय में पंचायतीराज चुनाव होने वाला है।

जानकारी के अनुसार सलूंबर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रेशमा मीणा की जमानत जब्त हो गई है। रेशमा को कुल 26760 वोट मिले हैं। जमानत जब्त के होने से बचने के लिए 1/6 फीसदी वोट हासिल करने होते हैं। इधर सलूंबर विधानसभा उप चुनाव को लेकर भारत आदिवासी पार्टी के जितेश कटारा ने रिटनिंग अधिकारी पर्वत सिंह के समक्ष रिकाउंटिंग की मांग की लेकिन उनकी मांग को खारिज कर दिया गया था। हार के बाद बाप के प्रत्याशी जितेश कटारा फूट-फूट कर रोए। बीएपी के नेताओं ने प्रशासन पर कई सवाल उठाए।

धरियावद विधायक थावरचंद ने कहा कि प्रशासन ने इस उपचुनाव में भाजपा का पट्टा पहनकर काम किया। जितेश ने रिकाउंटिंग की गुहार लगाई लेकिन किसी ने नहीं सुनी। बाप के उम्मीदवार जितेश कटारा ने कहा कि कलेक्टर, आर.ओ. सबने मिलीभगत से मुझे हराया है। मैं गुहार लगा रहा था। मैंने रिकाउंटिंग का आवेदन दिया लेकिन मेरी नहीं सुनी। उन्होंने आरोप लगाया कि आरओ ने बीजेपी का एजेंट बनकर काम किया, मनमानी की गई है। मैंने रिकाउंटिंग की मांग में देरी नहीं की, हम हाईकोर्ट जाएंगे।

# बाइक व टैंकर की टक्कर में युवक की मौत

## बुआ की अन्त्येष्टि में शामिल होने जा रहा था युवक

**निवाई,** (निसं)। अपनी बुआ का देहांत होने की सूचना पर अंत्येष्टि में शरीक होने के लिए मोटरसाइकिल पर सवार होकर जयपुर से अपने गांव कनापुर जिला श्योपुर मध्यप्रदेश जा रहे एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई की मोर्चरी में रखवाया।

दत्तवास थानाधिकारी कालूराम मीणा ने बताया कि रविवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 11 ए पर गांव हिंगोनिया मोड़ के समीप बाइक को एक टैंकर ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को निवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया। उन्होंने बताया कि मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड व डायरी में लिखे हुए मोबाइल से उसकी पहचान की गई। उन्होंने बताया कि मृतक राजू बैरवा पुत्र बालकिशन बैरवा अपनी बुआ के दाह संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहा था। रविवार को मृतक के परिजन निवाई के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपूर्द कर दिया।

# कोटा से ग्वालियर तक परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलेगी

**कोटा,** (निसं)। परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा कोटा से ग्वालियर के मध्य दो स्पेशल ट्रेनों को एक-एक ट्रिप चलाया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09801 कोटा से सोमवार, 25 नवम्बर को एवं गाड़ी संख्या 09802 ग्वालियर से मंगलवार, 26 नवम्बर को संचालित होगी।

इस गाड़ी में 6 स्लीपर, 4 सामान्य श्रेणी कोच, 1 एसएल आर एवं 1 जनरेटर कार वाले कोच होंगें। गाड़ी संख्या 09803 कोटा से बुधवार, 27 नवम्बर को एवं गाड़ी संख्या 09804 ग्वालियर से गुरूवार, 28 नवम्बर को संचालित होगी।

इस गाड़ी में 7 स्लीपर, 4 सामान्य श्रेणी कोच, 1 एसएल आर एवं 1 जनरेटर कार वाले कोच होंगे। उक्त दोनों परीक्षा स्पेशल ट्रेन कोटा से रात 21.25 बजे प्रस्थान कर बारां 22.13 बजे आगमन, छबरा गुगोर 23.00 बजे आगमन, रूठियाई 00.05 बजे आगमन, गुना 00.30 बजे आगमन, अशोकनगर 01.30 बजे आगमन, बीना 03.40 बजे आगमन एवं वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई (झांसी) 07.05 बजे आगमन कर अगले दिन सुबह 09.25 बजे ग्वालियर पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन ग्वालियर से सुबह 10.25 बजे प्रस्थान कर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई (झांसी) दोपहर 13.20 बजे, बीना 18.00 बजे, अशोकनगर 19.45 बजे, गुना 21.05 बजे, रूठियाई 21.50 बजे, छबरा गुगोर 22.31 बजे बारां 22.43 बजे आगमन कर रात 02.00 बजे कोटा पहुँचेगी। यह स्पेशल गाड़ी दोनों दिशाओं में कोटा-ग्वालियर के बीच बारां, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोकनगर, बीना एवं वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई (झांसी) स्टेशनों पर रूकेगी। इन परीक्षा स्पेशल ट्रेनों के वातानूकूलित कोच लाक अवस्था में संचालित होंगे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि कोटा-ग्वालियर परीक्षा स्पेशल ट्रेन संचालन से परीक्षाथियों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस अथवा रेल मदद 139 से प्राप्त करें।

# व्यापारी पर हमला करने वाली गैंग का मुख्य सरगना गिरफ्तार

## घटना के बाद से लगातार फोन पर व्यापारी को धमकी देकर फिरौती की मांग कर रहा था आरोपी

**ब्यावर,** (निसं)। पुलिस ने व्यापारी पर जानलेवा हमला करने वाली गैंग के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के बाद से लगातार फोन पर व्यापारी को धमकी देकर फिरौती की मांग कर रहा था। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह आई.पी.एस. के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा व वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी साकेत नगर बलभद्र सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में ब्यावर के बड़े व्यापारी को जान से मारने की धमकी देकर फिरौती मांगने के प्रकरण में मुख्य आरोपी तरुण सिंह चौहान (27) पुत्र बाबू सिंह रावत, निवासी बाड़िया अजबा, ग्राम पंचायत कोटडा को गठित टीम ने लगातार पीछा करते हुए हैदराबाद से दस्तयाब कर थाने लाकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर को थाना साकेत नगर में नरेन्द्र झंवर ने एक



जिला साइबर सैल व साकेत नगर टीम ने मुख्य आरोपी तरुण सिंह चौहान को गिरफ्तार किया।

रिपोर्ट देते हुए बताया कि वो 30 अक्टूबर को शाम आठ बजे के आसपास अपने मिलने वाले के यहां जा रहा था। तभी जवाहर भवन के पास तरूण सिंह ने अपने कुछ दोस्तों के साथ आकर मुझे रोक कर कहा कि गोल्डी बॉस के 10 लाख रूपये नहीं दिये, अब मरने के लिये तैयार हो जाओ और फिर सभी ने मिलकर प्रार्थी पर हमला कर दिया जिसमें बीच बचाव के दौरान उसके साथी को भी चोटें आईं। मारपीट के बाद तरूण ने उसकी सोने की चेन व 35 हजार रूपये नगद लूट लिये। आसपास भीड़ आ जाने से धमकी देते हुए अपने साथियों के साथ तरूण वहां से भाग गया। आरोपी व उसके साथियों के विरूद्ध थाना साकेत नगर में प्रकरण दर्ज किया गया। जांच में पता चला कि गोल्डी उर्फ देवेन्द्र पाल सिंह ने व्यापारी से रूपयों की वसूली के लिये तरूण सिंह को सुपारी दी थी और तरूण सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर व्यापारी पर जानलेवा हमला किया व उसके साथ लूटपाट की।

- आरोपी घटना के बाद लगातार अपने छिपने के ठिकाने बदल रहा था, जिला साइबर सैल व साकेत नगर टीम ने धर दबोचा
- जांच में पता चला कि गोल्डी उर्फ देवेन्द्र पाल सिंह ने व्यापारी से रूपयों की वसूली के लिये तरूण सिंह को सुपारी दी थी

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी के बारे में सूचना देने वाले या उसको पकड़वाने वाले को पांच हजार रूपये का इनाम देने की घोषणा भी की गई। आरोपी तरूण व उसके अन्य साथियों की तलाश शुरू की गई और पुलिस टीम ने लगातार तरूण के छिपने के ठिकानों का पता लगाया। मुखबिरों से जानकारी प्राप्त कर योजना बनाकर कई स्थानों पर दबिश दी। शातिर आरोपी लगातार अपने छिपने के ठिकाने बदलता रहा था व अलग-अलग स्थानों से व्यापारी को धमकियां देता रहा। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए मुखबिर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पीछा करते हुए हैदराबाद से इनामी आरोपी व गैंग के मुख्य सरगना तरूण सिंह को दस्तयाब कर थाने लाये जिसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।



विराट कोहली को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है और भारतीय क्रिकेट में उनका योगदान 'अद्वितीय' है।

- कपिल देव

पूर्व दिग्गज हरफनमौला कपिल देव, विराट कोहली की बल्लेबाजी को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## के एल राहुल



टीम इंडिया के बल्लेबाज केएल राहुल को आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ में खरीदा है। 2013 से आईपीएल में खेल रहे राहुल पिछले साल तक लखनऊ सुपर जायंट्स में थे। लेकिन इस बार फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिटेन नहीं किया। राहुल नीलामी में उतरे और उन पर फ्रेंचाइजियों ने जमकर बोली लगाई। नतीजा ये रहा कि इस बार राहुल दिल्ली कैपिटल्स की जर्सी में नजर आएंगे।केकेआर और आरसीबी ने भी राहुल के लिए बोली लगाई। दोनों को कप्तान की जरुरत है और राहुल पंजाब के अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कर चुके हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

## भारत के गुकेश का चीन के लिरेन से सामना



सिंगापुर, 24 नवंबर। रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में विश्व शतरंज चैंपियनशिप के खिताब के लिए दो भारतीय खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा करते हुए देखकर आश्चर्य नहीं होगा क्योंकि इस खेल में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के डी गुकेश सोमवार से शुरू हो रही विश्व चैंपियनशिप में मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन का सामना करने के लिए तैयार हैं। दो भारतीयों के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर स्विडलर ने शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे से कहा, ''निश्चित रूप से यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।''

उन्होंने कहा, ''विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल है। यहां तक कि इस साल अर्जुन (एरिगेसी) जैसे खिलाड़ियों का दबदबा रहा, वह जहां भी खेला काफी अंक जुटाए, वह बिल्कुल अविश्वसनीय है लेकिन वह भी विश्व चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है।'' स्विडलर ने कहा कि हालांकि विश्व चैंपियनशिप 'अतिरिक्त दबाव' लाती है लेकिन अगर भारतीय खिलाड़ी कम से कम अगले डेढ़ दशक तक प्रतिस्पर्धा में बने रहते हैं तो यह 'आश्चर्य' नहीं होगा। उन्होंने कहा, ''सबसे पहले तो उसे (अर्जुन को) अब भी (विश्व चैंपियनशिप) चक्र के लिए क्वालीफाई करना है।

# जयसवाल, कोहली के शतक के बाद बुमराह ने फिर बरपाया कहर





पर्थ, 24 नवंबर। यशस्वी जयसवाल (161) और विराट कोहली (नाबाद 100) के एल राहुल (77) की शानदार पारियों के दम पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को दूसरी पारी में छह विकेट पर 487 के स्कोर पर पारी घोषित कर ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को दूसरी पारी में भी जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के कहर का सामना करना पड़ा। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने 12 रन पर अपने तीन विकेट गवांकर संकट में फंस गयी है। उस्मान ख्वाजा (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद है।

आज यहां चायकाल के बाद भारत ने पांच विकेट पर 359 रनों से आगे खेलना शुरु किया। विराट कोहली और नीतीश कुमार रेड्डी ने इस दौरान तेजी के साथ रन बटोरे। विराट कोहली ने 143 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 100) की शतकीय पारी खेली। नीतीश कुमार रेड्डी ने आतिशी अंदाज में 27 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 38) रन बनाये। भारत ने विराट कोहली का शतक बनने के साथ 134.3 ओवर में छह विकेट पर 487 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी।

इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को बुमराह के कहर का फिर सामना करना पड़ा। बुमराह ने पहले ही ओवर में नेथन मैकस्वीनी (शून्य) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। इसके बाद चौथे ओवर में कप्तान पैट कमिंस (दो) को मोहम्मद सिराज ने विराट कोहली के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में बुमराह ने मार्नस लाबुशेन (तीन) को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने 12 रन पर अपने तीन विकेट गवांकर दिये है। उस्मान ख्वाजा (नाबाद तीन) क्रीज पर मौजूद है।

इससे पहले भोजनकाल के बाद देवदत्त पडिक्कल (25) दूसरे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने यशस्वी के साथ 74 रन की साझेदारी की। 94वें ओवर में मिचेल मार्श ने यशस्वी को आउट किया। यशस्वी ने 297 गेंदों में 15 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (161) रनों की पारी खेली। भारत ने 313 के स्कोर पर दो विकेट गंवाए थे। लेकिन इसके बाद 321 स्कोर तक भारत ने पांच विकेट गंवा दिए थे। ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल एक-एक रन बनाकर आउट हुए। भारत ने चायकाल तक पांच विकेट पर 359 रन बना लिये है।

भारत ने आज सुबह कल के 172 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अभी स्कोर में 29 रन जुडे थे कि मिचेल स्टार्क ने केएल राहुल (77) को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच आउट करा इस 201 रनों की साझेदारी को तोड़ा। इस दौरान यशस्वी जयसवाल ने अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपने शतक को पूरा करने के लिए 205 गेंदों का सहारा लिया। इसी के साथ वह ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेस्ट शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये देवदत्त पड़िक्कल ने जयसवाल के साथ संभल कर खेलते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। भोजनकाल तक भारत ने एक विकेट पर 275 रन बना लिये और उसकी बढ़त 321 रनों की हो गई है। भोजनकाल के समय यशस्वी जयसवाल (नाबाद 141) और देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 25) रन बनाकर क्रीज पर थे।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से नेथन लायन को दो विकेट मिले। वहीं मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, जॉश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले भारत की पहली पारी: 58.3 ओवर में 150 रन पर सिमट गई थी। नीतीश रेड्डी 41, पंत 37 रनों की पारी खेली थी। तथा ऑस्ट्रेलिया की ओर से जोश हेजलवुड ने 29 रन देकर चार विकेट और मिशेल स्टार्क ने 14 रन देकर दो विकेट झटके थे।

वहीं ऑस्ट्रेलिया पहली पारी: 51.2 ओवर में 104 रन पर ढ़ेर हो गई थी। मिशेल स्टार्क ने सर्वाधिक 26 रन बनाये थे। वहीं भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 30 रन देकर पांच विकेट और हर्षित राणा ने 48 रन देकर तीन विकेट लिये।

# विराट कोहली का बल्ला गरजा

## 30वां टेस्ट शतक लगा ब्रैडमैन से आगे निकले



पर्थ, 24 नवंबर। विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 16 पारियों से चला आ रहा शतक का सूखा समाप्त किया। उन्होंने इस बार भी बड़ी पारी खेलने के लिए बड़े मंच को चुना। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली ने अपने टेस्ट करियर का 30वां शतक जड़ा।

इसी के साथ उन्होंने सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। वे भारत के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में सात शतक जड़े हैं। सचिन ने ऑस्ट्रेलिया में 6 टेस्ट तक लगाए थे। वे सबसे ज्यादा टेस्ट शतक के मामले में ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन (29 शतक) से आगे निकल गए हैं।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में विराट कोहली ने पहली पारी में सिर्फ 5 रन ही बना पाए थे। लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। उनके लिए यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने मंच सेट किया था। दोनों ने पहले विकेट के लिए 200 से ज्यादा रन जोड़े थे। विराट ने पारी को आगे बढ़ाया और दमदार शतक जड़ा। उन्होंने 14.3 गेंदों में 8 चौके और 2 छक्के जड़े और 30वां टेस्ट शतक पूरा किया। इससे पहले टेस्ट मैच में उनका शतक पिछले साल जुलाई में आया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने शतक जड़ा था। एक साल 4 महीने और 3 दिन के बाद उन्होंने शतकीय पारी टेस्ट क्रिकेट में खेली। कोहली ने जैसी ही शतक जड़ा वैसे ही भारत ने अपनी दूसरी पारी को घोषित कर दिया। भारत ने 487/6 पर पारी घोषित की। इस तरह ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत के लिए 534 रनों का लक्ष्य है, क्योंकि भारत को पहली पारी के आधार पर 46 रनों की बढ़त मिली थी। टीम इंडिया ने 150 रन पहली पारी में बनाए थे और ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 104 रन पर ही ढेर हो गई।

# दिल्ली कैपिटल्स के नए कोच हेमांग बदानी आईपीएल में सफलता दिलाना चाहते हैं



नई दिल्ली, 24 नवम्बर। दिल्ली कैपिटल्स के नवनियुक्त मुख्य कोच हेमांग बदानी सुर्खियों में रहे बिना शांतचित तरीके से काम कर टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सफलता दिलाना चाहते हैं।

बदानी ने आईपीएल के लिए खिलाड़ियों कीबड़ी नीलामी से पहले शनिवार को यहां कहा, '' मैंने यहां आने के लिए अपनी योग्यताएं अर्जित की हैं और मुझे वास्तव में लगता है कि आने वाले वर्षों में दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छे निर्णय लेने के साथ अच्छी चीजें कर सकूंगा।''

उन्होंने कहा, '' आप बहुत अधिक रणनीति बनाते हुए देखेंगे, आप एक बहुत ही शांत कोच देखेंगे, जो पृष्ठभूमि में काम करता है। मैं बोलने की जगह अपने काम से जवाब देने में विश्वास रखता हूं। मुझे टी20 क्रिकेट में कुछ सफलता मिली है, क्योंकि मुझे सच में विश्वास है कि मुझमें कोचिंग के प्रति जुनून है और मुझे लगता है कि मैं प्रभाव डाल सकता हूं।'' अपने लक्ष्य के बारे में बात करते हुए भारत के इस पूर्व हरफनमौला ने कहा, ''मेरा अंतिम लक्ष्य हमेशा जीतना रहा है।

# ऋषभ-श्रेयस इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी, वेंकटेश तीसरे सबसे महंगे भारतीय

## जेद्दाह के मेगा ऑक्शन में 2 इंडियन क्रिकेटर्स इतिहास के सबसे बड़े खिलाड़ी बन गए हैं







जेद्दाह, 24 नवम्बर। सऊदी अरब के जेद्दाह में चल रहे मेगा ऑक्शन में 2 इंडियन क्रिकेटर्स इतिहास के सबसे बड़े खिलाड़ी बन गए हैं। पहले नंबर पर हैं ऋषभ पंत जो अब तक के सबसे महंगे क्रिकेटर हैं। दिल्ली कैपिटल के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा। दूसरे नंबर पर हैं पिछले सीजन में कोलकाता को चैंपियन बनाने वाले कप्तान और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर। श्रेयस को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा।

चौंकाने वाली डील रही वेंकटेश अय्यर की, जिनके लिए कोलकाता नाइट राइडर्स और बेंगलुरु रॉयल चैलेंजर्स के बीच 23.50 करोड़ तक बोली लगी। कोलकाता ने वेंकटेश को 23.75 करोड़ में खरीदा। वेंकटेशन ने पिछले फाइनल में हैदराबाद के खिलाफ फिफ्टी लगाई थी। युजवेंद्र चहल आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे स्पिनर बन गए हैं। पंजाब किंग्स की टीम ने उन्हें 18 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ लिया है। मिचेल स्टार्क को 11.75 करोड़ में दिल्ली ने खरीदा। पिछले सीजन 24.75 करोड़ में कोलकाता ने खरीदा था। इस बार कीमत करीब आधी हुई। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर और इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज जॉनी बेयरेस्टो नहीं बिके।

विकेटकीपर बैटर ईशान किशन को हैदराबाद ने 11.25 करोड़ रुपए में खरीदा है। उनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए था। पिछले सीजन में उन्होंने मुंबई के लिए 14 मैचों में 320 रन बनाए थे, जिसमें एक अर्धशतक शामिल था।विकेटकीपर बैटर ईशान किशन को हैदराबाद ने 11.25 करोड़ रुपए में खरीदा है। उनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए था। पिछले सीजन में उन्होंने मुंबई के लिए 14 मैचों में 320 रन बनाए थे, जिसमें एक अर्धशतक शामिल था।

चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में खरीदा। चेन्नई ने अश्विन को बेस प्राइस से कई गुना ज्यादा दाम में खरीदा। अश्विन को 9.75 करोड़ रुपये मिले। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर नीलामी में पैसों की बारिश हुई है। सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 10 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा है। उनका बेस प्राइस 2 करोड़ था। शमी पर अन्य फ्रेंचाइजी ने भी बोली लगाए लेकिन आखिर में बाजी हैदराबाद ने मारी।

ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल मेगा ऑक्शन 2025 में सस्ते में निपट गए। दरअसल, मैक्सवेल पर बड़ी बोली की संभावना थी लेकिन पंजाब किंग्स ने उन्हें सस्ते में निपटा दिया। उन्हें पंजाब ने महज 4.2 करोड़ रुपये में खरीद लिया। मिचेल स्टार्क को 11.75 करोड़ में दिल्ली ने खरीदा। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर और इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज जॉनी बेयरेस्टो नहीं बिके। अनकैप्ड बैटर अभिनव मनोहर को 3.20 करोड़ रुपए में सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीद लिया। निशांत सिंधु को 30 लाख रुपए में गुजरात ने खरीद लिया। दिल्ली ने समीर रिजवी को 95 लाख रुपए में खरीद लिया। अनकैप्ड बैटर अंगकृष रघुवंशी को फिर एक बार कोलकाता ने ही खरीद लिया। कोलकाता ने उन्हें 30 लाख की बेस प्राइस से 3 करोड़ रुपए में खरीदा। करुण नायर को 50 लाख रुपए में दिल्ली ने खरीद लिया। यश धुल अनसोल्ड रहे। अथर्व तायडे को 30 लाख रुपए में हैदराबाद ने खरीदा। अफगानिस्तान के चाइनामैन बॉलर नूर अहमद को चेन्नई ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा है। श्रीलंकाई लेग स्पिनर वनिंदू हसरंगा को राजस्थान ने 5.25 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया है। लेग स्पिनर एडम जंपा को हैदराबाद ने 2.40 करोड़ रुपए में खरीदा है। स्पिनर राहुल चाहर को हैदराबाद ने 3.20 करोड़ रुपए में खरीदा है। तेज गेंदबाज महीश तीक्षणा को राजस्थान ने 4.40 करोड़ रुपए में खरीदा है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को मुंबई ने 12.50 करोड़ रुपए में खरीदा है। लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर टी नटराजन को दिल्ली ने 10.75 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। तेज गेंदबाज खलील अहमद को चेन्नई ने 4.80 करोड़ रुपए में खरीदा है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को राजस्थान ने 12.50 करोड़ रुपए में खरीदा है। तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्या को कोलकाता ने 6.50 करोड़ रुपए में खरीदा है। तेज गेंदबाज आवेश खान को लखनऊ ने 9.75 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया है। राइट आर्म पेसर प्रसिद्ध कृष्णा को गुजरात ने 9.50 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलियन राइट आर्म पेसर जोश हेजलवुड को बेंगलुरु ने 12.50 करोड़ रुपए में खरीदा है। विकेटकीपर बैटर जितेश शर्मा को बेंगलुरु ने 11 करोड़ रुपए में खरीदा है। विकेटकीपर बैटर ईशान किशन को हैदराबाद ने 11.25 करोड़ रुपए में खरीदा है।

राजधानी

# प्रधानमंत्री की 'मन की बात' सुनकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है : भजनलाल शर्मा

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को किया संबोधित, कहा, ''विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम''**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुना प्रधानमंत्री का उद्बोधन**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 116वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना। इस दौरान राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ भी उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में एनसीसी दिवस की चर्चा करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। जब भी कहीं कोई आपदा होती है, वहाँ, मदद करने के लिए एनसीसी कैडेट्स पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स की संख्या बढ़कर 20 लाख से भी अधिक हो गई है। साथ ही, गर्ल्स कैडेट की संख्या भी 25 प्रतिशत से बढ़कर 40 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने का आग्रह किया।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की बहुत अहम भूमिका है। युवा जब एकजुट होकर देश के विकास के लिए मंथन करते हैं तो इसके ठोस परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि अगले साल स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का महाकुंभ 'यंग लीडर्स डायलॉग' होने जा रहा है, जिसमें देशभर से करोड़ों युवा भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' भी एक ऐसा ही प्रयास है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने अपनी गयाना यात्रा के दौरान देखा कि भारतीय मूल के लोग राजनीति, व्यापार, शिक्षा और संस्कृति के हर क्षेत्र में गयाना का नेतृत्व कर रहे हैं। गयाना के राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली भी भारतीय मूल के हैं, जो, अपनी भारतीय विरासत पर गर्व करते हैं। मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि देश-भर से नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से इस अभियान ने सिर्फ पांच महीने में ही सौ करोड़ पेड़ लगाने का अहम पड़ाव पार कर लिया है। अब यह अभियान दुनिया के दूसरे देशों में भी फैल रहा है। मेरी गयाना यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति ने अपने परिवार सहित इस अभियान में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने राज्य के जैसलमेर में बने अनोखे रिकॉर्ड के बारे में बताते हुए कहा कि वहां महिलाओं की एक टीम ने एक घंटे में 25 हजार पेड़ लगाए। अभियान के तहत कई संस्थाएं औषधीय पौधे लगा रहीं हैं, तो कहीं, चिड़ियों का बसेरा बनाने के लिए पेड़ लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' में उद्बोधन सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणादायी होते हैं। उनको सुनकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और देश के लिए समर्पण भावना बढ़ती है।




**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर विधानसभा उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायकों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सलूंबर से विधायक शांता देवी, झुन्झुनूं से विधायक राजेन्द्र भाम्बू, देवली-उनियारा से विधायक राजेन्द्र गुर्जर, रामगढ़ से विधायक सुखवंत सिंह तथा खींवसर से विधायक रेवंतराम डांगा को जीत की बधाई देते हुए दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ मौजूद रहे।**




**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को भाग्यनगर हैदराबाद में आयोजित लोकमंथन-2024 कार्यक्रम में ''ग्रांड नरेटिव फोर ए ग्रेट भारत'' विषय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहनराव भागवत एवं प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे. नंदकुमार के प्रेरक मार्गदर्शन का लाभ मिला। यह आयोजन भारत के वैभवशाली भविष्य और उसकी महान सांस्कृतिक धारा पर चिंतन को और अधिक सशक्त बनाएगा।**

## मोबाइल छीनने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** मानसरोवर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों से झपट्टा मार मोबाइल छीनने वाले एक शातिर बदमाश को पकड़ा है और उसके पास से लूटा गया मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। जो शिप्रा पथ इलाके से चोरी किया गया है। साथ ही पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राह चलते लोगों से झपट्टा मार मोबाइल छीनने वाले शातिर बदमाश हंसराज वर्मा उर्फ हंसु निवासी बाटोदा जिला गंगापुर सिटी को गिरफ्तार किया है।

# महिला ने जलमहल में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया

**जयपुर।** ब्रह्मपुरी थाना इलाके में रविवार को एक महिला ने जलमहल की मानसागर झील में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जहां मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को पानी से बाहर निकाल कर उसकी जान बचा ली। इसके बाद उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि जलमहल की पाल पर महिला का एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा कि वह परेशान होकर अपनी जान ले रही है। दुनिया में जन्म लेना उसकी गलती थी। बस ये चाहती है कि उसे (पति) सिर्फ एक दिन के लिए जेल में बंद रखा जाए, ताकि उसका घमंड चूर हो सके। क्योंकि वह हमेशा कहता था कि उसको कोई जेल में बंद नहीं करवा सकता। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

हैड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गोविंद नगर पश्चिम (ब्रह्मपुरी) निवासी नीतू (21) पत्नी नरेंद्र सिंधी ने आत्महत्या करने की कोशिश की है। जो रविवार को अपने घर से पैदल जलमहल की पाल पर पहुंची और जल महल की झील में छलांग लगा दी। जानकारी में सामने आया है कि महिला नीतू पहले कुछ देर लोगों को देखते हुए पाल पर इधर-उधर घूमती रही। लोगों की नजर बचाकर अचानक जल महल की झील में छलांग लगा दी। आवाज सुनकर पहुंचे लोगों को महिला पानी में डूबते हुए दिखाई दी। जलमहल की पाल में मौजूद लोगों ने फौरन पानी में उतर कर महिला को बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार के लिए महिला को एंबुलेंस की मदद से एसएमएस अस्पताल भिजवाकर परिजन को सूचना दी गई।

हैड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला के पास से एक नोट में मिला है। जिसमें लिखा है कि उसकी घर में रोज उसके पति से लडाई होना और उसका पर हाथ उठाना, पूरी-पूरी रात उसे घर से बाहर निकाल देना। इस वजह से वह परेशान होकर अपनी जान ले रही है। इसमें किसी की कोई गलती नहीं है। ये सब सिर्फ उसकी गलती की वजह से हुआ है। उसे इस दुनिया में जन्म नहीं लेना चाहिए था। कोई बात नहीं, उसके पति पर अगर कानूनी कार्रवाई की जाएगी तो वो वह नहीं करवानी। क्योंकि वह अपने पति, अपने बच्चे से बहुत प्यार करती है। बस सिर्फ ये चाहती है कि उसे सिर्फ एक दिन के लिए जेल में बंद रखा जाए, ताकि उसका घमंड चूर हो सके।

# नशा छुड़ाने की दवा खाने के बाद तबीयत बिगड़ने से दो भाइयों की मौत

## दोनों की तबीयत इतनी बिगड़ी कि दोनों ने नाग देवता के स्थान के बाहर ही दम तोड़

**गंगापुर सिटी/बौंली-बामनवास,** (निसं)। नीम-हकीम से नशा छुड़ाने की दवा लेकर निकले दो भाइयों की तबीयत बिगड़ गई। हालत इतनी बिगडी कि दोनों ने नाग देवता के स्थान के बाहर ही दम तोड़ दिया। लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची, लेकिन परिजनों ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई से इनकार कर दिया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। नाग देवता के स्थान पर नशे का इलाज करने वाले युवक का दावा है कि वह बरसों पुरानी राख, लहसुन की चटनी और एक खास तरह का मिश्रण देकर इलाज करता है। मामला गंगापुर सिटी के पिपलाई गांव का है।

बामनवास थानाधिकारी हेमेंद्र चौधरी ने बताया कि मंडावरी थाना क्षेत्र में खुर्रा माताजी के पास सपेरा बस्ती निवासी करन सिंह (22) और विजय सिंह (25) पुत्र हनुमान पिपलाई गांव में नाग देवता के स्थान पर नशा छोड़ने की दवा लेने आए थे। रात करीब 9.30 बजे दोनों ने दवा खाई घर लौटने लगे।


परिजनों की मौजूदगी में शवों का पोसटमार्टम कराया गया।

दवा लेते ही दोनों भाइयों की तबीयत बिगड़ने लगी और नाग देवता के स्थान के बाहर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर दोनों के शवों को कब्जे में लेकर बामनवास सीएचसी की मॉर्चुरी में रखवाया। इसके बाद पुलिस टीम पिपलाई देवस्थान पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। रविवार सुबह पुलिस ने पंचनामा कर दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिए। परिजनों ने

■ **जानकारी मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची, परिजनों ने कार्रवाई से इनकार किया**

मामले में किसी भी तरह की कार्रवाई से इनकार कर दिया। इस पर बामनवास थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज की है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

परिजनों ने बताया कि देवस्थान से घर लौटते समय दोनों ने दवा खाई थी। इससे दोनों की तबीयत बिगड़ गई और दोनों की मौत हो गई। ऐसे में उन्होंने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया है। परिजनों ने बताया कि पिपलाई गांव में नाग देवता का एक स्थान है। जहां पर जगदीश माली नाम का व्यक्ति नशा छुड़ाने की दवा देता है। सालों से यहां पर राख, लहसुन की चटनी और कुछ रासायनिक पदार्थ का मिश्रण बनाकर एक दवा तैयार की जाती है। इस दवा को नशा छुड़ाने के लिए दिया जाता है।

# जल जीवन मिशन की टंकी से पेयजल आपूर्ति की मांग

## ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को ज्ञापन दिया

**पावटा,** (निसं)। पंचायत समिति पावटा की ग्राम पंचायत पंडितपुरा के ग्राम मांजूकोट के अंतर्गत निर्मित जल जीवन मिशन की टंकी व पाइप लाइन से पेयजल आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया।

ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत पंडितपुरा के ग्राम मांजूकोट में पानी की टंकी का निर्माण हुए एक साल से अधिक समय बीत चुका है। गांव मे पाइप लाइन भी बिछाई जा चुकी है। पेयजल आपूर्ति भी शुरू कर दी गई थी, लेकिन गत दो माह से ग्रामवासियों को पानी नहीं मिल रहा है, जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण पेयजल के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि एमडीआर रोड के निर्माण के चलते पेयजल सप्लाई के पाइप को कटे दो महिने से अधिक समय हो गया है। ठेकेदार व विभाग पर लापरवाही के

■ **ग्राम मांजूकोट में पानी की टंकी का निर्माण हुए एक साल से अधिक समय बीत चुका है**

कारण फिर से पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले को लेकर कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों को भी अवगत करवा दिया गया है। लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से पेयजल सप्लाई की जगह-जगह से कटी पाइप लाइन को सही कर पेयजल आपूर्ति की मांग की है। वहीं सत्यनारायण, अशोक, सुभाष, देवेंद्र, कल्पना, अल्का, रामबाबू, कैलाश, अनिल, रतनलाल, मूलचंद, मीना, सरोज, गणेश, मुकेश, शालू, मोनू, राहुल, ओमप्रकाश, विमलेश, दयाराम सीता, बीना, सन्नी, महावीर, गायत्री, उमा, मनीषा, योगेंद्र, विनोद, सुमित्रा, मीनू, सीता, दीपक सहित ग्रामीणों ने गांव मे पेयजल आपूर्ति को जल्द ही शुरू नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

कोटपूतली एक्सईएन आर के मीणा का कहना है कि जलजीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत नांगल पंडितपुरा के ग्राम मांजूकोट में जल जीवन मिशन योजना के तहत दो नलकूप पाइपलाइन, डेढ सौ केएलडी टंकी निर्माण करके शुरू कर दिया गया है। ग्राम विलेज वॉटर समिति द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से जिला परिषद द्वारा जलमित्र नियुक्त कर उक्त योजना का संधान किया जाना है। ठेकेदार केवल मोटर व लीकेज जैसी समस्याओं को ही सही कर सकता है। संचालन का कार्य ग्राम पंचायत व नगरपालिका द्वारा किया जा रहा है। जब तक सरकार की ओनडोम पॉलिसी संधान की नीति नहीं आ जाती, तब तक ग्राम पंचायत व नगरपालिका द्वारा ही इन योजनाओं को संचालित किया जा रहा है।

सरपंच मनोज वर्मा का कहना है कि कभी टंकी निर्माण पूरा ही नहीं हुआ है व ग्राम पंचायत को इसका कार्यभार नहीं सौंपा गया है।

## हादसे में चार लोग घायल

**डूंगरपुर,** (निसं)। घोडी आमला गांव के निकट रविवार देर शाम चार बजे बाइक सवार से गाय और बेल के टकराने से चार लोगों को गंभीर चोटें आई। घायलों को 108 की मदद से डूंगरपुर जिला अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां इलाज जारी है। घटाऊ निवासी पुंजा पुत्र विनोद कटारा, दिलीप पुत्र बाबूलाल, भगवती पुत्री बाबूलाल और संजू पत्नी बाबूलाल चारों बाइक से देवसोमनाथ से अपने गांव घटाऊ की ओर जा रहे थे। जैसे बाइक लेकर घोडी आमली के निकट पहुंचे तभी सड़क पर दौड़ते हुए आ रहे गाय और बेल अचनाक से बाइक से आकर टकरा गया। हादसे में चारों जने नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर 108 ईएमटी मनीष रोत और पायलट दिनेश रोत मौके पर पहुंचे तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चारों का इलाज जारी है।

# डंपर चोरी करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

## आरोपी थाने का टॉप टेन वांछित है

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने डंपर चोरी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी थाने का टॉप टेन वांछित है और एक साल से फरार चल रहा था।

कोतवाली थानाधिकारी भगवान लाल ने बताया कि मामराज (38) पुत्र रूघाराम जाट निवासी निवासी बीदसर थाना बल्लारा जिला सीकर हाल निवासी सिंटेक्स डूंगरपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें बताया कि वह सिंटेक्स के पास किराए के कमरे पर रहता है। रात के समय डंपर को कमरे के बाहर खड़ा कर सोया था। रात को चोर डंपर को स्टार्ट कर बदमाश ले गया। स्टार्ट करने की आवाज सुनाई देने पर वह बाहर आया, लेकिन तब तक बदमाश डंपर को चोरी कर ले भागा।

मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया था। वहीं, सालभर से फरार चल रहे आरोपी शिवलाल (32) पुत्र कन्हैयालाल शर्मा निवासी दाता लुहारिया पुलिस थाना मांडल जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थाने का टॉप टेन वांछित आरोपी है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

**नकदी व सामान चोरी :-** मंदिर का ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी करने वालों के खिलाफ झाड़ोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार झाड़ोल थाना क्षेत्र गोराणा निवासी गोविन्दराम पुत्र जवेरचंद राजपुरोहित ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि 23 नवंबर रात में गांव गोराणा में स्थित राडाजी मंदिर का अज्ञात चोर ताला तोड़कर नकदी व सामान चुरा ले गए। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

## ग्राम विकास अधिकारी मसूदा पर जुर्माना

**मसूदा,** (निसं.)। सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 के तहत राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मसूदा द्वारा समय पर सूचना नहीं देना भारी पड़ गया और पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा मांगी गई सूचना नहीं दिए जाने पर देवेंद्र सिंह ने सूचना आयुक्त, राज्य सूचना आयोग जयपुर से अपील प्रस्तुत की, जिसमें पारित निर्णय पर ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मसूदा पर जुर्माना किया गया, जिसके तहत जिला परिषद अजमेर ने एक आदेश विकास अधिकारी को जारी कर पारित निर्णय में निर्देशित किया है प्रत्यर्थी लोक सूचना अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी ग्राम, पंचायत मसूदा पंचायत समिति मसूदा जिला ब्यावर पर पच्चीस हजार रुपये की शास्ती राशि नियम अनुसार वसूल कर जरिये डिमांड ड्राफ्ट सचिवालय राजस्थान सूचना आयोग जयपुर के नाम अविलम्ब भिजवाने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही इसे प्राथमिकता प्रदान करते हुए कठोरता से पालना सुनिश्चित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

# विश्वराज सिंह मेवाड़ आज गद्दी पर बैठेंगे

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य व पूर्व सांसद महेंद्र सिंह मेवाड़ के निधन के बाद अब उनके बड़े बेटे विश्वराज सिंह मेवाड़ गद्दी पर बैठेंगे। सोमवार को इनका दस्तूर किया जाएगा। दस्तूर कार्यक्रम चित्तौड़गढ़ दुर्ग के फतह प्रकाश महल में होगा, जिसमें पूर्व राजघरानों के सदस्य, रिश्तेदार और गणमान्य नागरिक आएंगे।

जानकारी के अनुसार दस्तूर एक तरीके से राजतिलक ही होता है। इसके लिए बाकायदा मुहूर्त निकलवाया जाता है। विश्वराज सिंह मेवाड़ का दस्तूर भी मुहूर्त के अनुसार सोमवार को होगा। पूर्व राजपरिवार के सदस्य महेंद्र सिंह मेवाड़ के निधन के साथ ही उनकी राजगद्दी दान में चली गई है। इसका मतलब सिर्फ इतना होता है कि उत्तराधिकारी के लिए नई राजगद्दी को बनाया जाता है। विश्वराज सिंह मेवाड़ के राजतिलक का मुहूर्त निकलने के साथ ही उनके लिए नई राजगद्दी बनाने का काम शुरू कर दिया गया था। फतह प्रकाश महल (चित्तौड़गढ़) में राजगद्दी की पूजा विधि अनुसार की जाएगी। सोमवार को राजतिलक के दिन आश्का की परपंरा भी निभाई जाएगी। एकलिंगजी मंदिर, कांकरोली द्वारिकाधीश मंदिर और

■ **विश्वराज सिंह मेवाड़ का आज दस्तूर किया जाएगा, दस्तूर कार्यक्रम चित्तौड़गढ़ दुर्ग के फतह प्रकाश महल में होगा**

राजसमंद का चारभुजा मंदिर से आश्का लाई जाती है। आश्का परपंरा के अनुसार एकलिंगजी मंदिर से धूप की राख और फूल, कांकरोली और चारभुजा मंदिर से फूल, जो भगवान के आशीर्वाद का स्वरूप होंगे, लाकर विश्वराज सिंह मेवाड़ को दिए जाएंगे। मेवाड़ का राजा एकलिंगनाथजी को माना गया है। एकलिंगनाथजी के दीवान के रूप में महाराणाओं ने अपने कार्य का निर्वहन किया है। इस कारण परंपरा का निर्वहन करते हुए विश्वराज सिंह मेवाड़ भी एकलिंगजी में दर्शन करेंगे। यहां पुजारी रंग दस्तूर की विधि कराएंगे। चांदी की छड़ी उनके कंधे पर धारण कराई जाएगी। इस छड़ी को देने का मतलब होगा कि विश्वराज सिंह मेवाड़ दीवान के रूप में काम करेंगे।

मेवाड़ राजवंश के शिवरती घराने के डॉ. अजातशत्रु सिंह शिवरती के अनुसार इसके बाद पंडितों की ओर से शोकभंग की रस्म निभाई जाएगी। महाराणा के सफेद वाली पाग को बदलकर रंगीन पाग पहनाई जाएगी। विश्वराज सिंह मेवाड़ उदयपुर समोरबाग आएंगे और अपने परिवारजनों व पुराने जागीरदारों का शोक भंग कराएंगे। इसके बाद सभी उत्सव में शामिल हो सकेंगे और रंग वाली मेवाड़ी पाग पहन सकेंगे। राजतिलक की परंपरा के बाद उमराव, बत्तीसा, अन्य सरदार और सभी समाजों के प्रमुख लोग नजराना पेश करेंगे। विश्वराज सिंह मेवाड़ गद्दी पर बैठने वाले एकलिंगनाथजी के 77 वें दीवान होंगे। भगवत सिंह मेवाड़ के निधन के बाद बड़े पुत्र के रूप में महेंद्र सिंह मेवाड़ का 19 नवंबर 1984 को उदयपुर के सिटी पैलेस में राज्याभिषेक किया गया था। मेवाड़ राजवंश के 77 वें महाराणा बन रहे विश्वराज सिंह का जन्म 18 मई 1969 को महाराणा प्रताप जयंती के दिन हुआ था। इन्होंने सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई से अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। वे अभी नाथद्वारा से विधायक हैं और इनकी पत्नी महिमा कुमारी मेवाड़ राजसमंद से सांसद हैं। विश्वराज सिंह मेवाड़ के एक बेटा देवजादित्य सिंह और बेटी जयति कुमारी हैं।

# मुख्य मार्ग पर गंदगी व पानी का भराव होने से आमजन परेशान

**मसूदा,** (निसं.)। मसूदा उपखंड क्षेत्र की निकटवर्ती ग्राम पंचायत देवमाली के ग्राम श्योपुरा में मुख्य मार्ग पर गंदगी व पानी का भराव होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के अनुसार इस गंदगी से बीमारी फैलने का अंदेशा भी है।

ग्रामीण शिकायतकर्ता ने ब्यावर जिला कलेक्टर मसूदा उपखंड अधिकारी को लिखित शिकायत में बताया कि मोहल्ले के मुख्य मार्ग पर गंदगी व गंदा पानी का भराव होने के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं बीमारियों के फैलने आशंका जताई जा रही है। शिकायतकर्ता ने कई बार प्रशासन एवं ग्राम पंचायत को लिखित शिकायत कर अवगत कराया कि इस मुख्य मार्ग पर गंदगी एवं पानी का भराव होने के कारण आवागमन व चारों तरफ बदबू और मक्खियां, मच्छर का प्रकोप


ग्राम श्योपुरा में मुख्य मार्ग पर गंदगी फैली हुई है।

बढ़ रहा है, जिसके कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलने की संभावना अधिक बनी रहती है। शिकायतकर्ता ने बताया कि गत 9 अक्टूबर को

■ **ग्राम पंचायत व प्रशासन से कई बार शिकायत की, ग्राम पंचायत मौन**

ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी, परंतु कोई जवाब नहीं आया।

समस्या की प्रशासन को शिकायत की जानकारी देने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं ग्राम पंचायत द्वारा निरीक्षण कर इतिश्री की गई। शिकायतकर्ता ने गुहार लगाते हुए कहा कि समस्या का निराकरण समय पर करने की मांग करते हुए कहा कि जिससे आवागमन सुचारू रूप से हो सके। मौसमी बीमारियों को देखते हुए बीमारियां फैलने से पूर्व शीघ्र गंदा पानी, रोड़ियां आदि हटाने की मांग की है।

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ कर आगजनी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 15 नवंबर को पीड़िता सुनिता देवी पत्नी प्रकाश निवासी ढाईपण रोबिया खेरवाड़ा हाल करनाउवा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। उसने बताया कि 14 नवंबर शाम को मेरे पिता मणीलाल एवं मां तीनों घर पर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी जयन्तिलाल पुत्र लक्ष्मण निवासी कण्डाल एवं बादल पुत्र राकेश निवासी बंजारिया सहित 6-7 साथी के साथ गाली गलौच करते हुए घर में घुसकर पिता के धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इस दौरान चिल्लाने की आवाज सुनकर आए परिजनों पर हमला कर फरार हो गए। कुछ ही समय बाद अन्य साथियों के साथ आरोपी दुबारा लौट कर आए तथा घर में घुसकर तोड़फोड़ एवं लूटपाट कर आगजनी कर दी। इसको देख परिजन जान बचाकर भाग गए। इस दौरान एक बाइक आरोपी मौके पर ही छोड़ भागे। इसकी सूचना मिलने पर प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस दल ने मामले में आरोपी जयन्तिलाल पुत्र लक्ष्मण पसात निवासी कण्डाल खेरवाड़ा, बादल पुत्र राकेश मीणा निवासी बंजारिया खेरवाड़ा को गिरफ्तार किया। आरोपी जयन्तिलाल मेवाड़ भील कोर पाली में कार्यरत है, जो शातिर होकर करीब 8 माह से अपने कार्यालय से अनुपस्थित होकर गांव में ही घूम रहा था। इस मामले में अन्य आरोपियों को नामजद कर लिया है, जिनकी तलाश की जा रही है।

## पैंथर ने बछड़े को शिकार बनाया

**डूंगरपुर,** (निसं)। आसपुर कस्बे में आईटीआई कॉलेज के पास लालपुरा बस्ती में रविवार सवेरे करीब चार बजे पैंथर ने एक गाय के बछड़े पर हमला कर शिकार कर लिया। लालपुरा (आसपुर) निवासी रुपेश मीणा पुत्र मोगजी मीणा के घर के बाहर बाड़े में गाय का बछड़ा, दो भैंस एवं दो भैंस के बछड़े बांधे हुए थे। सवेरे करीब चार बजे पैंथर आया और गाय के बछड़े को खींचकर पास झाड़ियों में ले गया। जहां पर बछड़े का शिकार कर दिया। रूपेश मीणा ने बताया कि कई बार पैंथर आंगन में आकर चिल्लाने पर वापस चला गया, लेकिन अबकी बार शिकार कर दिया। घर के चारों ओर झाड़ियां फैली हुई है।

# शादी सम्मेलन में 54 जोड़ों का निकाह संपन्न



अंजुमन नमदगरान पिंजारा समाज सोसायटी टोंक ने 54 जोड़ों का निकाह कराया।

**टोंक,** (निसं)। अंजुमन नमदगरान पिंजारा समाज सोसायटी टोंक द्वारा इश्तेमाई शादी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 54 जोड़ो का निकाह कराया गया। सम्मेलन के संरक्षक हाजी मोईनुद्दीन निजाम की निगरानी में शादी सम्मेलन की सारी तैयारियां पूरी की गई। सम्मेलन के सदर हाजी कुदरत्तलहा ने समाज के लोगों का स्वागत किया गया। शहर काजी ताहिरूल इस्लाम, काजी सलमान साहब, काजी मोहम्मद आदिल साहब काजी सलमान साहब ने सभी जोड़ों का निकाह पढ़ाया। सम्मेलन में पिंजारा नमदगरान समाज के 8-9 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। टोंक, जयपुर, कोटा, मालपुरा, सांगानेर, मेड़ता सिटी, चाकसू, बूंदी, सवाईमाधोपुर जिले से पिंजारा समाज के लोगों ने शादी सम्मेलन में भाग लिया। मोलवी खिजर अत्हर, मिनाज के बयान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से की गई।

# मालपुरा शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई, जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे

## सफाई कर्मचारियों को कई महिनों से वेतन नहीं मिला तो कार्य बहिष्कार किया

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा में जनप्रतिनिधियों की उदासीनता व पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते मालपुरा शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर कर शहर के सौन्दर्य को बदरंग व पालिका बोर्ड की विफलता की दास्तां को बयां कर रहे हैं।

मालपुरा से तीसरी बार विधायक बने कन्हैयालाल चौधरी को केबिनेट मंत्री का दर्जा मिलने के साथ-साथ मालपुरा पालिका में भाजपा का बोर्ड काबिज होने के बावजूद बोर्ड के चार साल के कार्यकाल में मालपुरा शहर में विकास होना तो दूर शहर में सफाई व विद्युत व्यवस्था तक चरमराई हुई है। सफाई कर्मचारियों को कई महिनों से वेतन नहीं मिलने के चलते संविदा पर लगे सफाई कर्मचारी कार्य


मालपुरा शहर के रोडवेज बस स्टैण्ड के बीचों-बीच गंदगी फैली हुई है।

बहिष्कार कर काम करने से इंकार कर दिया। तो वहीं स्थाई सफाई कर्मचारी आधे से ज्यादा अधिकारियों व प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों के आवास व कार्यालयों में लगे हुये हैं। शहर के मुख्य रोडवेज बस स्टैण्ड के बीचों-बीच भारी मात्रा में लगे गंदगी के ढेर से उठती दुर्गन्ध व हवा के झोंकों के साथ उड़ते कचरे के बीच हजारों की संख्या में यात्री अपने गंतव्य की और जाने वाली बसों का इंतजार करने पर विवश है।

शहर के अजमेर रोड, केकड़ी रोड, घाटी रोड, टोडा रोड, मुख्य सड़क किनारे लगे गंदगी के भारी ढेर व सफाई ठेकेदार द्वारा बनाये गये अस्थायी कचरा डिपो में बडी संख्या में पड़े मृत जानवर संक्रमण फैला रहे है। लम्बे समय से बंद पडी रोड लाईटें चालू नहीं होने का खामियाजा शहरवासी भुगत रहे हैं। बीते 11 महिनों से पालिका में स्थायी ईओ व केशीयर का पद रिक्त चल रहा है। लम्बे समय से बोर्ड की बैठक नहीं होने से विकास कार्य य्की ोजना नहीं बन पा रहे है। बीते दो साल से पालिका द्वारा बजट बैठक का आयोजन कर राज्य सरकार के समक्ष विकास कार्यों के प्रस्ताव भी नहीं भेजे जा रहे हैं। शहर के मुख्य बाजार सहित गली-मौहल्लों की सड़के गहरे गड्डों में तब्दील है। दो दर्जन से अधिक कचरा संग्रहण वाहन कबाड़ में तब्दील हो गये हैं।

## सार-समाचार

### निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर



**कोटा,** (निसं)। कोटा हार्ट इंस्टीट्यूट ग्रुप के नए अस्पताल श्रीजी हॉस्पिटल इंद्रप्रस्थ इण्डस्ट्रियल एरीया, कोटा में निःशुल्क सुपरस्पेशलिटी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ.ओंकार सिंह सीनियर फिजिशयन, डॉ.प्रिया गुप्ता प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. मीना उमेश स्पाइन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. मीना रीतू कुमारी लेप्रोस्कोपिक सर्जन ने अपनी निःशुल्क सेवाऐं दी। शिविर में एचबीए-1सी, ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, थायरॉइड के साथ में हिमोग्लोबिन की निःशुल्क जांच की गई। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.राकेश जिंदल ने बताया कि सामाजिक सरोकारों के तहत इस तरह के सुपरस्पेशलिस्ट चिकित्सा शिविरो का भविष्य में भी आयोजन किया जाऐगा। शिविर में 66 मरीज लाभान्वित हुए।

### सम्मान समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। मॉर्निंग क्लब शिवाजी पार्क डीसीएम रोड कोटा पर दीपावली स्नेह मिलन पर क्लब के सदस्यों का अपने क्षेत्र में विशेष सराहनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने बताया कि नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन, रेड क्रॉस सोसाइटी के स्टेट चेयरमैन राजेश बिरला, मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, संरक्षक ओम खाजोतिया, भाजपा नेता अशोक मीणा ने मॉर्निंग क्लब के सदस्यों को दुपट्टा पहनाकर तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। राजेश बिरला ने कहा कि मॉर्निंग क्लब औद्योगिक क्षेत्र में योग व्यायाम और स्वास्थ्य के अलावा सामाजिक क्षेत्र के कार्य में भी अग्रणीय कार्य कर रहा है मॉर्निंग क्लब का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में विशेष कार्य कर अलग पहचान रखता है इसलिए आज मॉर्निंग क्लब के इन कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति प्रातः काल सूर्यदेव से पूर्व उठकर पार्क में योग व्यायाम करते हैं वह स्वस्थ रहने के साथ अपने क्षेत्र में प्रभावी व्यक्तित्व रखते हैं राजेश जी बिरला ने शिवाजी पार्क का भ्रमण भी किया। इस अवसर पर मॉर्निंग क्लब की कार्यकारिणी के अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, ओम खाजोतिया, महावीर वर्मा, मोइन खान, राजेश वर्मा, सुरेश वाल्मीकि, इकबाल, चंद्रप्रकाश महावर, मनमोहन तिवारी, ओपी मेहरा, जेपी प्रजापति, रामलाल बैरवा, महेंद्र महेश्वरी, डीके मीणा प्रमोद पंकज आदि उपस्थित थे।

### लायब्रेरी की स्थापना

**कोटा,** (निसं)। कोटा थर्मल में तैनात सुरक्षा बल के प्रभारी उप कमांडेंट राकेश निखज सदैव अपना जीवन जनसेवा में बीताते आये हें अपनी डयूटी के साथ ही लोगों की सेवा करना उनके जीवन का परम लक्ष्य रहा है। इसी क्रम में इनके निर्देश पर थर्मल कॉलोनी में स्थित परिवार कल्याण केन्द्र जिसकी स्थिति काफी दयनीय थी उसका जीर्णोद्धार करवाया गया। साथ ही दस विद्यार्थियों की क्षमता की बलिदानियों को समर्पित एक लायब्रेरी की स्थापना भी की गई। कोटा थर्मल के मुख्य अभियन्ता के.एल.मीणा उनकी पत्नी एवं केन्द्रीय सुरक्षा बल इकाई कोटा थर्मल के प्रभारी उप कमांडेंट श्री राकेश निखज द्वारा लायब्रेरी का उदघाटन किया गया। उल्लेखनीय हे कि सीआईएसएफ के अधिकारी राकेश निखज जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिये सदैव प्रयासरत रहते हें इसमें यह एक और कदम प्रेरणादायी है। इस कार्य को सम्पन्न करवाने में सीआईएसएफ के आरक्षक टी.आकिब जावेद आरक्षक दर्जी चिराग, आरक्षक संतोष नानजी नैतम एवं उप निरीक्षक अमरदीप का महत्वपूर्ण योगदान रहा परिवार कल्याण केन्द्र में सीआईएसएफ के बच्चों को एकांत में पढ़ने की व्यवस्था मिलेगी।

### 'धन जीवन गुजर का साधन मात्र है साध्य नहीं'

**कोटा,** (निसं)। आज भौतिकवाद इतना हावी हो गया कि लोग व्यवहार को भी व्यापार की दृष्टि से देखने लगे हैं किसी के पास बैठने से कितना अधिक धन मिले उसकी संगत को महत्व दिया जा रहा है, इस मानसिकता के कारण युवा पीढ़ी धर्म अध्यात्म से दूर हो रही है। यह बात कबीर वाणी के राष्ट्रीय प्रचारक संत प्रभाकर साहेब ने कबीर आश्रम में आयोजित सत्संग सभा में कही, उन्होंने कहा कि धन जीवन गुजर का साधन मात्र है साध्य नहीं। इस सोच को विकसीत करने की आवश्यकता है। कोरबा छत्तीसगढ़ से आये संत योगेश्वरः साहेब ने कहा कि संत का सानिध्य कभी निष्फल नहीं जाता। लेकिन इन्द्रिय भोग को महत्व देने वाला व्यक्ति इसे नहीं समझ सकता। संत गुरुबोध ने समाज में नशा व मांसाहार के बढ़ते प्रचलन को बढ़ते अपराधों की जड बताया। काठमांडू नेपाल से आये संत विनम्र साहेब ने समय की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि जिसने समय की कद्र दुनिया उसकी कद्र करती है। संत मिलन ने नेपाली भजनों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### वार्डवासियों का सम्मान किया

**छबड़ा** (निसं)। नगर पालिका पार्शदो को कार्यकाल पूरा हो गया है। इसी श्रृंखला में वार्ड 13 के पार्शद राज मोहम्मद ने कार्यकाल समाप्ति के अवसर पर वार्डवासियों व प्रबुद्धजनो का माल्र्यापण कर धन्यवाद ज्ञापित किया। पार्शद के अनुसार उनके द्वारा स्नेह मिलन समारोह आयोजित कर वार्ड तेरह के जाटव, प्रजापति, जोगी सहित अन्य समाजो के प्रबुद्धजनों का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान कर आभार प्रकट किया। यहां पहुंचे लोगो ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनकी राषन कार्ड, पेंषन, पट्टा, बिजली, पानी आदि मूलभूत समस्याओ का त्वरित निस्तारण कर राहत प्रदान की गई। इस अवसर पर पवन नागर, रामस्वरूप प्रजापत, भगवानदास प्रजापत, दीपक दुदानी, बलवीर यादव, महावीर प्रजापत, प्रेम यादव, गोविंद प्रजापत, मदनलाल यादव, मोहन, कैलाशचंद, हरीश, मनोज आदि मौजूद थे।

### मामूली बात पर चाकूबाजी, दो घायल

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा इलाके में दो बाइकों की आपसी टक्कर में बात इतनी बढ़ गई कि दोनों बाईक सवार ने एक-दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। दोनों को उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुमानपुरा थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया कि गुमानपुरा इलाके में दो बाईकों की रॉन्ग साईड आने पर हल्की सी टक्कर होगी। जिस पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया और कोटड़ी निवासी नौशाद ने चाकू निकालकर बंधा धर्मपुरा निवासी जीवराज गुर्जर पर हमला कर दिया। जिस पर जीवराज गुर्जर ने उसका चाकू छीनकर नौशाद पर भी हमला कर दिया दोनों को घायल अवस्था में उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का उपचार जारी है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### मंत्री दिलावर लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे

**छबड़ा** (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर के नवनिर्मित भवन प्रथम तल का लोकार्पण 8 दिसंबर को समारोहपूर्वक किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर होगें व अध्यक्षता विधायक प्रतापसिंह सिंघवी द्वारा की जाएगी। प्रबंध समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार भार्गव एवं सचिव नरेंद्र सोनी ने बताया कि यहां मुख्य वक्ता शिवप्रसाद संगठन मंत्री विद्या भारती राजस्थान, विशिष्ट अतिथि संतोष आनंद सहमंत्री अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान शिरकत करेंगे। प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा के अनुसार कार्यक्रम की तैयारी के लिए आचार्य, दीदी की सामूहिक बैठक पालक अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा और सचिव नरेंद्र सोनी द्वारा ली गई, जिसमें समारोह को भव्य एवं सफल बनाने के लिए पृथक-पृथक जिम्मेदारी दी गई।

### समाज की बैठक सम्पन्न

**छबड़ा** (निसं)। रेलवे स्टेशन रोड स्थित गायत्री मंदिर परिसर में रविवार को क्षत्रिय भोई, कश्यप समाज की बैठक आयोजित हुई। यहां विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और समाज में फैली कुरीतियों और बुरा यों को दूर करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, कार्यकारिणी के पुर्नगठन हेतु प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें छबडा व ब्लॉक स्तर के समाजबंधु सम्मिलित हुए। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने समाज के युवाओं को संबोधित किया और उन्हें समाज को संगठित करने के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। यहां समाज के सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे समाज में फैली कुरीतियों और बुराईयों को दूर करने के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे।

### श्रीमद्भागवत कथा आज से

**रामगंजमण्डी** (निसं)। श्री गोविंद गौशाला समिति नालोदिया के तत्वावधान में गौशाला पर 25 नवंबर सोमवार से एक दिसंबर सोमवार तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

# वक्फ संशोधन बिल के समर्थन में आये मुस्लिम संगठन



वक्फ संशोधन बिल के लिये मुस्लिम संगठनों ने समिति के अध्यक्ष सांसद जगदंबिकापाल से मुलाकात कर समर्थन पत्र सौंपा।

**कोटा,** (निसं)। केन्द्र सरकार द्वारा लाये जा रहे वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन में विभिन्न मुस्लिम संगठन एवं संस्थाएं सामने आये है। एक प्रतिनिधिमंडल ने वक्फ संशोधन विधेयक समिति के अध्यक्ष सांसद जगदम्बिका पाल से मुलाकात कर उन्हें अपना समर्थन पत्र सौंपा।

इस अवसर पर मंच के प्रदेश सह संयोजक इरशाद अली ने कहा कि देश की जमीन देश के और देशवासियों के काम आनी चाहिए तभी वक्फ बोर्ड की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड का नाम आज देश के तीसरे सबसे बड़े जमीन धारक संस्थान के रूप में लिया जाता है और हम गर्व से इस बात को बताते है कि आम मुसलमान को यह पता नहीं है कि वक्फ बोर्ड की यह जमीन गरीब मुसलमान या देश के किस काम आ रही है, वास्तविकता यह है कि यह जमीन कुछ खास प्रभावशाली लोगों की कमाई का जरिया बनी हुई है। अपने आप को मुसलमानों के ठेकेदार समझने वाले लोग इन जमीनी की लीज पर दे रहे हैं और कुछ अपने रिश्तेदारों व आदमियों से कब्जा करवा देते हैं। कुल मिलाकर जमीन को केवल दलाल और भूमाफिया मिलकर खा रहे हैं वहीं कुछ लोग इस हितकारी वक्फ संशोधन का फायदा उठाकर देश में राजनीतिक द्वेष पैदा कर रहे है।

वक्फ संशोधन को हथियार बनाकर देश को टुकड़ों में बांटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि हमें मंथन करना चाहिए कि वक्फ कि हमारे देश में लगभग 8.7 लाख प्रोपर्टी है इसकी संम्पति का मूल्य लगभग 1.2 लाख करोड़ है इन सब संपत्ति की पावर पूरे देश में सिर्फ 200 व्यक्तियों के पास है। अगर शुरुआत से रखरखाव ईमानदारी की नीयत से होता तो इन संपत्तियों पर आज लोगों का कब्जा नहीं हुआ होता आज हमारे घरों के आस पास कई ऐसे परिवार हैं जिनके दो वक्त का खाना मुश्किल मिल पाता है। लेकिन शायद ही उनको वक्फ बोर्ड की तरफ से कुछ मदद मिल पाती होगी। आज हमारा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच समाज को शिक्षित करने व मुख्यधारा में लाने का जो कार्य सफलतापूर्वक कर रहा है अगर देश के सभी वक्फ बोर्ड समाज में शिक्षा के प्रति कार्य करने लग जाए तो हमारा समाज कई हद तक शिक्षित हो जाएगा।

आज वक्फ एक्ट में जो संशोधन किया गया उससे जो पावर एक सीनियर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को दी गई है उससे हमें न्याय जल्द मिलेगा और कोई असामाजिक तत्व अगर जमीन में कब्जा करता है या किसी से मिलीभगत करता ही तो अधिकारियों द्वारा तुरन्त उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ कट्टरपंथियों का कहना है कि वक्फ बोर्ड में हिन्दू सदस्य नहीं हो सकता जबकि हमारे देश में जाति, मजहब के लोग आपस में भाई हैं। इसलिए हम मोदी व केंद्र सरकार का दिल से धन्यवाद देते हैं और इस वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करते है। इसको लागू किया जाना अति आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में इरशाद अली के साथ झालावाड़ जिला संयोजक महफूज अली, आईसेक्ट वेलफेयर एण्ड एजुकेशन के सचिव सलीम खान, नूरी जामा मस्जिद सुकेत के सदर डॉ. अब्दुल मन्नान खान, डॉ. फहीद अहमद आदि प्रमुख थे।

## कोटा डिस्ट्रिक चेस प्रतियोगिता का समापन हुआ




कोटा डिस्ट्रिक चेस प्रतियोगिता का समापन हुआ।

**कोटा,** (निसं)। कोटा डिस्ट्रीक चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित कोटा डिस्ट्रीक अंडर-13 बॉयज एवं गर्ल्स प्रतियोगिता के समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रेम भाटिया अध्यक्ष, कोटा जिला शतरंज संघ कोटा एवं मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) के सदस्य) द्वारा विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में अंडर 13 बॉयज कैटिगरी में प्रथम स्थान पर मनन भंडारी एवं द्वितीय स्थान पर नील भाटिया रहे। वही अंडर 13 गर्ल्स कैटेगरी में प्रथम स्थान पर याशिका शर्मा एवं द्वितीय स्थान पर गीताक्षी लालवानी रही। सभी विजेता उदयपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मुख्य अतिथि प्रेम भाटिया ने राज्य स्तरीय सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी। और चेस एसोसिएशन के सभी टीम सदस्यों को इस सफलतापूर्वक आयोजन के लिए उन्हें को बधाई शुभकामनाएं दी।

## अपना घर वृद्धाश्रम का भूमिपूजन

**कोटा,** (निसं)। अपना घर आश्रम कोई घर या आश्रम नहीं बल्कि एक विचार धारा है। यहाँ कोई व्यक्ति विशेष नहीं अपितु ठाकुरजी स्वयं सारी व्यवस्था करते हैं। अपना घर आश्रम द्वारा कभी भी किसी से कुछ माँगने की आवश्यकता नहीं पड़ती सब आवश्यकताओं की पूर्ति "ठाकुरजी चिट्ठी" मात्र से हो जाती है। अपना घर के विषय में आज अपना घर के संस्थापक डॉ बी.एम. भारद्वाज ने बृज चन्द्र आश्रय 'अपना घर वृद्धाश्रम' के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि सेवा व्यापार नहीं है। सेवा में धन्यवाद तक भी पाने की इच्छा हमें नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम मन से निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करते हैं तो सहयोग करने वाले अपने आप ही जुड़ते चले जाते हैं। यही कारण है कि अपना घर आश्रम के लगभग 25 वर्षों के इस सफर में हमें हमें कभी भी कहीं कोई रुकावट नहीं आई। अच्छे कार्य के सहयोग के लिये निरंतर हमारा साथ देने के लिये अनेकों हाथ आगे आते रहे। विनोद कुमार सिंहल राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि अपना घर आश्रम अभी संपूर्ण भारत में अपना घर की 73 शाखाये कार्यरत हैं। जिनमें से केवल भरतपुर में ही 6500 मानसिक विमन्दित रहते हैं जिनका प्रतिदिन का खर्च ही लगभग 12 लाख रुपये होता है लिकिन सब पूर्ति जनसहयोग से होती है।

## साध्वी गुणरंजना श्रीजी का अवतरण दिवस मनाया

**रामगंजमंडी** (निसं)। खरतरगच्छापति जिन मणिप्रभ सूरीश्वर की आज्ञानुवर्ती मालवा मेवाड़ ज्योतिसाध्वी गुणरंजना श्री जी जिन्होंने सन 2022 में रामगंजमंडी में ऐतिहासिक चातुर्मास किया था, वर्तमान में राजस्थान के झुंझुनू में हैं। जहां 22 नवंबर शुक्रवार को साध्वी गुणरंजना श्री जी का 60वां अवतरण दिवस झुंझुनू जैन खरतरगच्छ श्वेतांबर संस्थान ने धूमधाम से मनाया। रामगंजमंडी श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर श्री संघ के अध्यक्ष राजकुमार पारख की अगुवाई में श्री संघ के लोगों ने भी अवतरण दिवस समारोह में शिरकत की। श्री संघ अध्यक्ष राजकुमार पारख ने बताया कि झुंझुनू जयपुर नीमच निंबाहेडा व रामगंजमंडी के समाज बंधुओ और महिलाओं द्वारा शुक्रवार सुबह 9 बजे उपाश्रय से लेकर दादाबाडी होकर प्रवचन हाल तक साध्वी जी को जुलूस के रूप में लाया गया।

# सिंधु महिला सर्किल के साथ सामाजिक सेवा के कार्य होंगे




कोटा में सिंधु सोशल सर्किल के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

**कोटा,** (निसं)। विगत 35 वर्षों से सामाजिक सेवा और संस्कृति के संवर्द्धन के लिए कार्यरत संस्था सिन्धु सोशल सर्किल अपने स्थापना दिवस को मनाने के लिए 23 नवंबर से 22 दिसंबर 2024 तक सिंधु महिला सर्किल के साथ मिलकर सामाजिक सेवा माह के अंर्तगत अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगा। सिंधु सोशल सर्कल के स्थापना दिवस, जो की 10 दिसंबर को होता है, के उपलक्ष में सेवा माह का प्रारंभ 23 नवंबर को अपना घर आश्रम में भोजन सेवा के साथ किया गया। इस अवसर पर संरक्षक किशोर मदनानी, अध्यक्ष कमल सपरा, सचिव राजेश ग्वालानी, उपाध्यक्ष संतोष करमचंदानी, पूर्व संरक्षक गोपाल सपरा, मुरलीधर अलरेजा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर मुकेश आहुजा, रमेश रिझवानी, हरि प्रकाश पंजवानी, सुशील बुलचंदानी, महिला सर्कल की अध्यक्ष नीतू वनवानी, सचिव निर्मला आहूजा आदि मौजूद रहे। सांस्कृतिक सचिव किशन रतनानी ने बताया की एक दिसंबर को सेवाधाम आश्रम, श्रीनाथपुरम में वरिष्ठजनों के साथ कार्यक्रम तथा 8 दिसंबर को श्री आनंदपुर दरबार न्यू कॉलोनी गुमानपुरा में निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। सेवा माह के समापन पर 22 दिसंबर को चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

# हैल्थ एंड हैप्पीनेस थीम पर वॉक-ओ-रन 2025 होगा

■ रजिस्ट्रेशन शुरू, 25 लाख के उपहार व पुरस्कार दिए जाएंगे

**कोटा,** (निसं)। स्वास्थ्य और सेहत को समर्पित उत्तर भारत का सबसे बड़ा हेल्थ इवेंट के पांचवे एडिशन की घोषणा रविवार 24 नवम्बर को समारोहपूर्वक की गई। कार्यक्रम जवाहर नगर स्थित एलन सत्यार्थ कैम्पस में हुआ।

कोटा में एक बार फिर सोसायटी की ओर से वॉक ओ रन का आयोजन 15-16 फरवरी 2025 को होगा। इसके साथ ही वॉक-ओ-रन 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए। कार्यक्रम में अतिथियों और हार्टवाइज टीम ने वेबसाईट और पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, रनिंग एंबेसेडर्स, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुऐं। इस अवसर पर शहर के रनिंग एंबेसर्डस और स्पॉन्सर्स का सम्मान भी किया गया। वॉक-ओ-रन 2025 के मुख्य प्रायोजकों में टाईटल स्पोंसर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, पावर्ड बॉय हरमित हुंडई और को-पावर्ड बॉय हाइड्रो शार्क हैं। हार्टवाईज सोसायटी के संयोजक डॉ.साकेत गोयल ने बताया कि पांच वर्ष बाद एक बार फिर से यह आयोजन होने जा रहा है। हार्टवाईज टीम में उत्साह भी पांच गुना है और इस बार आयोजन की उपलब्धि भी पहले से ज्यादा बेहतर हासिल की जाएगी। वॉक-ओ-रन 2025 की थीम हेल्थ एण्ड हैप्पीनेस रखी गई है। इसी थीम पर अगले तीन माह में कई कार्यक्रम किए जाएंगे। वॉक-ओ-रन 2025 में 25 लाख के उपहार एवं पुरस्कार दिए जाएंगे।

मुख्य रूप से रजिस्टर्ड धावकों के लिए 8 ई-बाइक और 8 स्पोर्ट्स बाइक की लॉटरी निकाली जाएगी। डॉ.गोयल ने बताया कि कोविड के चलते आयोजन में अंतराल आया। भारत में बढ़ती हृदय रोग की घटनाओं को देखते हुए जीवनशैली में बदलाव से लोगों को जागरूक करना जरूरी है। आयोजन में 21 किलोमीटर एवं 10 किलोमीटर की मैराथन और 6 किलोमीटर की वॉक होगी। वाक-ओ-रन में इंटरनेशनल कैटेगरी भी रखी गई है। इस अवसर पर वॉक-ओ-रन 2019 में बने रिकॉर्ड्स की प्रति सीबीएसई सहोदय कॉम्पलेक्स को सौंपी गई।

कार्यक्रम में मौजूद सहोदय सोसायटी के अध्यक्ष प्रदीपसिंह गौड एवं सचिव लता कोठारी को यह प्रति सौंपी गई। कार्यक्रम में अतिथि शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन, एलन के निदेशक डॉ.गोविंद महेश्वरी, राजेश महेश्वरी व डॉ बृजेश महेश्वरी, श्रीराम रेयंस के वी.के. जेटली, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ.संगीता सक्सेना, आईएमए अध्यक्ष डॉ.मीनाक्षी शारदा, कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन, महासचिव अशोक माहेश्वरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़, केईडीएल से बिमल कुमार सहित कई गणमान्य नागरिकों को अभिनन्दन हार्टवाईज टीम द्वारा किया गया।

टीम हार्टवाईज के डॉ.सुरभि गोयल, कमलदीप सिंह, तरुमित बेदी, अजय मित्तल, कपिल जैन, सुमित अग्रवाल, विनेश गुप्ता, निखिल जैन, अनीश बिरला, राहुल सेठी, दीपक मेहता, अपूर्वा चौधरी, आशीष अरोड़ा, उमेश गोयल, हिमांशु, रजत अजमेरा सहित अन्य मौजूद रहे। तरुमित बेदी ने धन्यवाद दिया। संचालन सुमित अग्रवाल व कपिल जैन ने किया। कार्यक्रम में कोटा शहर के रनिंग एंबेसडर्स अजय सेठी, शक्ति सिंह हाड़ा, नरेन्द्र अवस्थी, पंकज सेठी,अश्विन मक्कड़, निधि कासलीवाल, एमएस चौहान एवं मीनल चौहान, नितिन सैनी-अंशुल सैनी, मृगेश गुप्ता, रजनीश न्याति का सम्मान किया गया।

## सार-समाचार

### 'यह जीत कार्यकर्ताओं के समर्पण का परिणाम'

**छबड़ा** (निसं)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव व राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव में सात में से पांच सीट पर भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर नगर अध्यक्ष सीपी गेरा के नेतृत्व में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं आतिखशबाजी पर प्रसन्नता व्यक्त की है। यहां नगर अध्यक्ष गेरा के अनुसार इस जीत से देश के मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों और राजस्थान सरकार के विकास कार्यों पर अपनी मोहर लगा दी है। यह जीत भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं के समर्पण का परिणाम है। भाजपा देष व प्रदेष के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं और इस ऐतिहासिक जीत ने इस इरादे को और भी मजबूत किया है। नगर महामंत्री हरिओम गौड, पार्षद विपिन शर्मा, भगवती वर्मा, बनवारी शर्मा, संजय नामदेव, मनोज सुमन, फूलचंद प्रजापत, गोविंद माचल, गोविंद सेन आदि ने हर्श व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संकल्प के अनुसार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### पांच करोड़ लोग एक साथ गीता के तीन श्लोक पढ़ेंगे

**कोटा,** (निसं)। शांति, सद्भाव एवं कर्तव्य परायणता का वैश्विक ग्रंथ समस्त मानव जाति के कल्याण का ग्रंथ गीता जन-जन तक हर घर तक पहुंचे, समस्त विश्व गीता से जुड़े के उद्देश्य से गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा वैश्विक अभियान हम एक बने-हम नेक बने के उद्देश्य से गीता जयंती 11 दिसंबर को प्रातः 11 बजे 1 मिनट पर एक साथ गीता पाठ का वैश्विक आव्हान किया गया है, जीओ गीता परिवार राजस्थान के संयोजक किशन पाठक ने बताया कि गीता मनीषी के आव्हान पर संपूर्ण विश्व एवं भारत में विभिन्न स्थानों पर 1 मिनट-एक साथ गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा इस दिन लगभग 5 करोड़ लोग संपूर्ण देश एवं दुनिया में एक साथ गीता के तीन श्लोक का पाठ करेंगे।

### अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। नांता थाना इलाके मे पुलिस टीम ने कार्रवाही करते हुए अवैध देशी शराब के 61पव्वों सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। नांता थाने के उप निरिक्षक थानाधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि इलाके मे गश्त के दौरान मुखबीर सें सुचना मिली कि मोहनलाल सुखाड़िया योजना के समीप एक व्यक्ति अवैध देशी शराब के पव्वे बेच रहा। सूचना पर मौके पर पहुंचे तो एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टो की जांच की गई तो कट्टो में देशी शराब के 61 पव्वे बरामद किये। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए बरड़ा बस्ती निवासी राजन उर्फ साजन (19) को गिरफ्तार किया।

### 52 यूनिट रक्तदान

**कोटा,** (निसं)। गुरुनानक जयंती सप्ताह के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर गुरु श्री हरकिशन साहिब सिख वेलफेयर सोसाइटी महालक्ष्मी एंक्लेव बारां रोड पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 52 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। अपना ब्लड सेंटर तलवंडी द्वारा रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम संयोजक दलबीर सिंह कोहली, तेजेन्दर सिंह, हरप्रीत सिंह एवं भूपेन्द्र सिंह माखीजा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 8 जोड़ों ने रक्तदान किया और गुरु के बताए मार्ग पर सेवा का संकल्प लिया। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के सहयोग से रक्तदान करने वालों को मोटिवेट करते हुए रक्त का महत्व बताया।

### मोदी के मन की बात सुनी

**कोटा,** (निसं)। भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन व मन की बात कार्यक्रम जिला संयोजक देवेंद्र राही, सहसंयोजक कुलदीप सिंह तलवार के सानिध्य में भाजपा कोटा शहर द्वारा रविवार को सभी 14 मण्डल में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सभी जनप्रतिनिधियों, मुख्य संगठन, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने अनेको स्थानो पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखा व सुना।

### परिचय मिलन समारोह सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। श्री मैथिल ब्राह्मण समाज संस्था कोटा का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह, सम्मान समारोह युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं भवन की वर्षगांठ का कार्यक्रम रविवार को भव्य रूप से सोगरिया स्थित परशुराम भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हवन से हुई, हवन के पश्चात आरती कार्यक्रम आयोजित किय गया जिसमें समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजीव मिश्रा उपस्थित रहे।

### स्पोर्ट्स डे मनाया

**कोटा,** (निसं)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय कोटा द्वारा रविवार को जेके पवेलियन में स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में कोटा क्षेत्र के सभी कर्मचारियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।

## छह जुआरी गिरफ्तार 90 हजार 400 रुपये बरामद

**कोटा,** (निसं)। नयापुरा इलाके मे पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर छह जनों को ताश के पत्तों पर जुआ खेलते हुए पकड़ा। पुलिस ने 90 हजार 400 रूपये जुआ रकम बरामद की। नयापुरा थानाधिकारी लक्ष्मीचंद ने बताया कि थाने के सहायक उपनिरीक्षक हरदेव सिंह मय जाप्ता इलाके मे गश्त कर रहे थे। मुखबीर से सूचना मिली कि हुसैनी नगर चम्बल मार्ग आम रोड़ लाईट पोल के नीचे कुछ जने ताश के पत्तों पर रूपये-पैसो का दांव लगाकर जुआ खेल रहे। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सब्जीमंडी निवासी अब्दुल सलाम (58), संजय नगर निवासी अजहर उर्फ कालू (41), नेहरू नगर निवासी आशिफ अली (46), तेलघर निवासी अकबर (46), हुसैनी नगर निवासी शाहरूख (26) और नेहरू नगर निवासी दुर्गेश गोस्वामी (28) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों से जुआ रकम 90 हजार 400 रूपये बरामद किये।

**आम सूचना**

रजि. नं. 19/40/2016
पताः-N.H. 52, डिंगसी सुकेत
हमारी फर्म M/S सैलानी क्रेशर एण्ड कोन्ट्रेक्टर में आज दिनांक 23.11.24 को फर्म के साझेदारों श्री सलीम खान व श्री प्रकाशचंद पाटीदार व श्री कमलेश मेहता के द्वारा एक अन्य साझेदार श्री अमर पाटीदार को जोड़ा गया है। जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में फर्म रजिस्ट्रार कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र कोटा में सूचित करें।
सौजन्य से
For-Selani Crusher & Contractor
Partner

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय सहायक आयुक्त,**
**देवस्थान विभाग, कोटा खण्ड कोटा**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 75/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री बृजेश कुमार सेन पुत्र श्री मदन लाल निवासी म.नं. 1 बैंक कोलोनी बालिता रोड कुन्हाडी कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अंतर्गत प्रन्यास एस.के.एस. चेरिटेबल ट्रस्ट म.नं. 1 बैंक कोलोनी बालिता रोड कुन्हाडी, कोटा के संबंध में पंजीयन हेतु जांच किए जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 16.01.2025 है।

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग कोटा**

